# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 23 जुलाई 2025



## BRILLIANT MINDS SHAPING A STRONG LEGACY

*Leadership that Guides Your Journey from the Classroom to Your Career*

RUNGTA INTERNATIONAL SKILLS UNIVERSITY

Approved by UGC U/s 2(F)

26 YEARS OF DEVELOPING BRIGHT FUTURES



**Seating ▸ Left to Right**

- CA Sonal Rungta – CEO
- Santosh Rungta – Chancellor
- Dr Soourabh Rungta – Pro Chancellor
- Dr. Jawahar Surisetti – Vice Chancellor

**Standing ▸ Left to Right**

- Dr. Chinmay Chandrakar – Director - School of Engineering & Technology
- Mahendra Shrivastava – Executive Director - Student Affairs & ECS
- Dr. YM Gupta – Group Director - Academics
- G. Venugopal – Executive Director - Incubation, CEO - RuBI
- Dr. Sanjeev Shukla – Executive Director - Admission & Outreach
- Dr. Manish Manoria – Pro Vice Chancellor, Director - School of Computer Sc. Engg & IT
- Dr. Neema S. Balan – Director - School of Sciences, Life Sciences and Education
- Dr. Ajazuddin – Registrar, Executive Director - R & D
- Dr. Ashish Panat – Executive Director - Academics
- Dr. Manoj Verghese – Executive Director - Corporate Communications, Director - School of Management & Commerce
- CA. Pankaj Maheshwari – Chief Finance Officer
- Dr Edwin Anthony – Executive Director - CDC
- Dr. Mukesh Kumar Sharma – Controller of Examination, Director - School of Pharmacy

For Your **Career Success**

**In-Demand Degrees** Boosted with **Industry-Ready** Certifications

**50+** UG & PG Programmes

**20+** Add-on Certifications with Every Degree in Industry-Focused Areas

**Powered by Tech Giants & Academic Leaders**

Google Cloud · Microsoft Education · University of Cambridge · Stanford University · University of Michigan · amazon · DeepLearning.AI · Harvard Business School · EC-Council · IBM · Meta · UC Irvine · NVIDIA · The Linux Foundation

### School of Computer Sc. & Engineering - RCET, Bhilai
NAAC-A Grade | NBA Accredited | NIRF Innovation Ranked

- B.Tech. CSE in association with Google - BE110
- B.Tech. CSE Artifical Intelligence in association with Google - BE110
- B.Tech. CSE AI & ML in association with Google - BE110
- B.Tech. CSE Data Science in association with Google - BE110
- B.Tech. CSE AI & ML in association with IBM - BE110
- B.Tech. CSE Cyber Security in association with EC Council - BE110
- B.Tech. CSE Information Technology - BE110
- M.Tech. Computer Science & Engineering - ME110

### School of Engineering & Technology - RCET, Bhilai
NAAC-A Grade | NBA Accredited | NIRF Innovation Ranked

- B.Tech. Civil Engineering - BE110
- B.Tech. Electrical Engineering - BE110
- B.Tech. Electronics & Telecommunication - BE110
- B.Tech. Mechanical Engineering - BE110
- B.Tech. Mining Engineering - BE110
- M.Tech. Structural Engineering - ME110
- Diploma Electrical Engineering - DE204
- Diploma Mechanical Engineering - DE204

### School of Management & Commerce - GDRCST & RCET, Bhilai
NAAC-A Grade

- BBA
- BBA Global
- BBA Business Analytics in association with IBM
- MBA - MBA115
- MBA Global - MBA115
- MBA Business Analytics in association with IBM - MBA115
- BBA MBA (Integrated)
- B.Com

### School of Life Sciences - GDRCST
NAAC-A Grade

- B.Sc. - Biotechnology - Zoology / Botany
- B.Sc. - Forensic Science
- B.Sc. - Bio Informatics
- M.Sc. - Biotechnology
- M.Sc. - Bio Informatics

### School of Sciences - GDRCST
NAAC-A Grade

- B.Sc. - PCM
- M.Sc. - Maths
- M.Sc. - Physics
- M.Sc. - Chemistry

### School of Information Technology - GDRCST & RCET, Bhilai
NAAC-A Grade

- BCA AI & ML in association with Google
- BCA Data Science in association with Google
- BCA Full Stack in association with Google
- MCA AI & ML in association with Google - MCA107
- MCA Data Science in association with Google - MCA107
- MCA Full Stack in association with Google - MCA107
- BCA & MCA (Integrated) - AI & ML in association with Google
- BCA & MCA (Integrated) - Data Science in association with Google
- BCA & MCA (Integrated) - Full Stack in association with Google
- B.Sc. Computer Science AI & ML in association with Google
- M.Sc. Computer Science AI & ML in association with Google
- PGDCA
- DCA

### School of Pharmacy - RIPER & RCPSR
NAAC-A Grade

- B. Pharmacy - RCPSR - BDP106 | RIPER - BDP121
- D. Pharmacy - RCPSR - BDP106 | RIPER - BDP121
- M. Pharma - Pharmaceutics - RCPSR - MPH106
- M. Pharma - Pharmacology - RCPSR - MPH106
- B. Pharmacy - Practice

*Subject to Approval of Ordinances by CG Govt.

9016 11 3333

**Campus:** Rungta R1 Educational Campus, Kohka-Kurud Road, Bhilai, Chhattisgarh

**Raipur City Office:** Shop No. 1 & 2, 1st Floor, Shyam Plaza, Pandri 888 04 888 70

www.rungta.ac.in

Deepak Advertisers

# विधायक विश्राम गृह में घुटने तक भरा पानी, कैंटीन में घुसा

राजधानी रायपुर में दोपहर हुई तेज बारिश से शैलेंद्र नगर स्थित संगवारी विधायक विश्राम गृह में घुटने तक पानी भर गया। यहां पर ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कई फ्लैटों में पानी घुसने से सामान खराब होने की संभावना है। फिलहाल यहां पर किसी विधायक के ठहरने की जानकारी नहीं मिली है। बताया जाता है, यहां पर नीचे बनी कैंटीन में भी पानी घुस गया।




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ यहां पर सत्र के दौरान रुकते हैं विधायक

शैलेंद्र नगर स्थित विधायक विश्राम गृह प्रदेश के विधायकों को आबंटित किया जाता है। विधानसभा सत्र के दौरान कई दूर दराज के विधायक यहां पर रहते हैं। राज्य बनने के बाद विधायक विश्राम गृह रिंग रोड के किनारे बने आरडीए के फ्लैट को चिन्हित किया गया था। शहर के बीच स्थित विश्राम गृह के किनारे से बहने वाले नाले में



बारिश का पानी ओव्हर फ्लो होने पर पानी उसके परिसर में आ जाता है। राजधानी रायपुर के रिंग रोड, भाठागांव, टाटीबंध, तेलीबांधा क्षेत्र में सुबह 11 बजे आधे घंटे हुई तेज बारिश ने ऐसा कहर बरपा कि सड़कों में पानी का जमाव नजर आया। तेज बारिश से कई इलाकों में पानी भरा रहा। शैलेंद्र नगर में डीईओ आफिस के पास सड़क पर पानी से कार्यालय के मुख्यद्वार पर पानी देखने को मिला। उसके आगे विधायक विश्राम गृह तक सड़क में पानी भरा रहा।



### दूरस्थ क्षेत्र के विधायक कभी-कभी रुकते हैं

विधानसभा सचिवालय के अनुसार वर्तमान में विधायकों को संगवारी विधायक विश्राम गृह का आबंटन होता है। वैसे यहां दूरस्थ क्षेत्र के विधायक राजधानी आने पर यहरां रुकते हैं। विधानसभा सत्र के दौरान कई विधायक यहां रहते हैं। उनके यहां रहने के दौरान कैंटिन में चाय-नाश्ते और खाने की व्यवस्था यहां से हो जाती है।

## खेत में टमाटर लगा रहा नवविवाहित दंपति गाज की चपेट में आया, मौत



**साजा।** परपोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम चेचानमेटा से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां खेत में काम कर रहे नवविवाहित दंपति की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, ग्राम चेचानमेटा निवासी 26 वर्षीय भूपेंद्र साहू अपनी पत्नी 24 वर्षीय ज्योति साहू के साथ मंगलवार सुबह खेत में टमाटर लगाने गए थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और तेज गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में दोनों आ गए। दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि भूपेंद्र और ज्योति का विवाह इसी वर्ष 4 अप्रैल को हुआ था। विवाह के महज कुछ ही महीनों बाद ही दोनों पति-पत्नी इस हादसे का शिकार हो गए।

## पोस्टमैट्रिक छात्रावास की छात्रा हुई गर्भवती

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के भोपालपट्नम तहसील मुख्यालय स्थित पोस्टमैट्रिक छात्रावास की 12वीं कक्षा की छात्रा के गर्भवती होने से हड़कंप मच गया है। एक गांव की छात्रा भोपालपट्नम के आश्रम में रहकर पढ़ाई कर रही है। 11वीं पास के बाद वह 12वीं कक्षा में पढ़ रही है। बीईओ पी विनय कुमार ने बताया कि अधीक्षिका से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल में वह अपने गांव चली गई थी। कुछ दिन पहले आई थी। आश्रम आने के बाद वह बीमार हो गई। सांस फूलने से उसे अस्पताल ले जाया गया। फिर जिला अस्पताल बीजापुर रेफर हुई । जांच परीक्षण के बाद 3 माह की गर्भवती होना पाया गया। उसके मां बाप को बुलाकर छात्रा को सौंप दिया गया है। इस संबंध में मद्देड़ के एसडीओपी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जिसकी पड़ताल की जा रही है।

### भिलाई तीन व्यवहार न्यायालय परिसर की घटना

# न्यायालय के बाबू ने कोर्ट रूम में लगाई फांसी, मिला सुसाइड नोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में भिलाई तीन स्थित व्यवहार न्यायालय में वहां के बाबू ने कोर्ट रूम के अंदर फांसी लगा ली। घटना मंगलवार सुबह की है। सूचना मिलते ही पुरानी भिलाई पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को जांच में एक सुसाइड नोट मिला है, जो कि मृतक द्वारा ही लिखा बताया जा रहा है।

पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि जिस न्यायालय कर्मी ने फांसी लगाई है वो वहां लिपिक याने बाबू के पद पर पदस्थ था। उनका नाम सोमनाथ ठाकुर (43 वर्ष) है। मृतक भिलाई तीन स्थित न्यायालय कालोनी में रहता था। इसका मूल निवास केसरादानी थाना रानीतराई है। पूछताछ में पता चला कि सोमनाथ रोज की तरह मंगलवार सुबह ड्यूटी पर कोर्ट पहुंचा था। सोमनाथ घर से टिफिन

■ खबर से मचा हड़कंप पुलिस जांच में जुटी



लेकर आया हुआ था। जब वो न्यायालय पहुंचा तो उस समय बाकी लोग नहीं पहुंचे थे। जब वहां दूसरे कर्मचारी समय पर पहुंचना शुरू हुए और रिकार्ड रूम पहुंचे तो देखा कि सोमनाथ फंदे पर लटका हुआ है। तुरंत इसकी जानकारी पुरानी भिलाई थाने को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी टीम के साथ खुद मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अपने सामने सोमनाथ के शव को फंदे से नीचे उतारवाया। इसके बाद शव का पंचनामा कार्रवाई की गई और फिर उसे पीएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भेज दिया गया। सूचना मिलते ही घर से सोमनाथ की पत्नी बेटा और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक का एक बेटा और एक बेटी है।

### जेब से मिला सुसाइड नोट

पुलिस ने जब सोमनाथ के शव की तलाशी ली तो उसकी जेब में मिले पर्स से एक सुसायडल नोट बरामद हुआ है। नोट में उसने काम का बोझ और अधिकारी की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करना लिखा है। मृतक के पास से एक मोबाइल और एक्सरसाइज नोटबुक भी मिला है। मृतक न्यायाधीश अभिनव डहरिया के कोर्ट में पदस्थ था। पूछताछ में ये बातें सामने आई हैं कि सोमनाथ पर काम का काफी दबाव था। उससे वो काफी परेशान रहता था। इसी से तंग आकर उसने आत्महत्या जैसा घातक कदम उठाया।

### यूनियन ने जताया आक्रोश

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनोहर कुमार अपने साथियों के साथ पहुंचे। उन्होंने कहा कि यूनियन स्तर पर इस मामले को गंभीरता के साथ उठाया जाएगा। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच कराने के साथ पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

### जांच की जा रही

मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें काम का बोझ और अधिकारी की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करना बताया गया है। इसकी भी जांच की जा रही है।

-पद्मश्री तंवर, एएसपी

### सिटी बस मामलाः शासन के जवाब पर की टिप्पणी

# राज्य में सार्वजनिक परिवहन की कोई व्यवस्था नहीं : हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए अहम सीटी बस सेवा का संचालन सही ढंग से नहीं होने को लेकर लगी याचिका पर हाइकोर्ट में आज सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने इस मामले की सुनवाई करते हुए शासन से पूछा कि बिलासपुर जिले में कितनी बसें चल रही हैं। मामले में सचिव,परिवहन विभाग और बिलासपुर नगर निगम आयुक्त ने भी शपथ पत्र पेश किया। इसमें बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य में शहरी सार्वजनिक परिवहन प्रणाली वर्ष 2012-2013 में शुरू की गई थी। कुल 451 बसें 70 शहरों/कस्बों में संचालित करने के लिए खरीदी गई, जिससे 9 शहरी समूह बनते हैं। ये 9 समूह रायपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, कोरिया, सरगुजा और बस्तर थे। बिलासपुर में 9 बसों में से 6 चालू हालत में है और वर्तमान में 5 बस चल रही है। एक बस कुछ दिनों में सेवा में आ जाएगी।

मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने जल्द इस पर कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए अगली सुनवाई की तारीख 10 सितंबर 2025 को तय की है। ध्यान रहे कि पिछली सुनवाई में राज्य का पक्ष रखने वाले अधिवक्ता ने बताया था कि डीजल बसों के स्थान पर नई इलेक्ट्रिक बसें शुरू की जाएंगी। हालांकि इलेक्ट्रिक बसों की खरीद और संचालन के लिए निविदा मार्च, 2024 में ही बसें शुरू कर दी गई थीं। जिसपर कोर्ट ने कहा था कि ऐसा प्रतीत होता है कि बिलासपुर जिले के साथ-साथ राज्य के अन्य जिलों के लिए सार्वजनिक परिवहन की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# एक साल में 1.15 लाख से अधिक आरटीआई आवेदन, सूचना देने में आनाकानी, 639 अधिकारियों पर अनुशासन का डंडा चलाने का फरमान, डेढ़ करोड़ का जुर्माना भी

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

क्या छत्तीसगढ़ में सूचना के अधिकार कानून का क्रियान्वयन कमजोर करने का काम जनसूचना अधिकारी कर रहे हैं? क्या ये अधिकारी सूचना के अनुरोध को स्वीकार करने में आनाकानी कर रहे हैं, सूचनाएं समय पर न देने के साथ ही मांगी गई सूचना को नष्ट कर रहे हैं या भ्रामक जानकारी दे रहे हैं... जी हां, यह सब यहां हो रहा है। यही कारण है कि यह कारगुजारी करने वालों पर राज्य सूचना आयोग ने शिकंजा कसते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की है। तकरीबन 639 अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनत्मक कार्रवाई के लिए कहा गया है। तगड़ा जुर्माना भी लगाया गया है।

### खास बातें

- रिपोर्ट में 2024 का किया गया है खुलासा
- 10 हजार से अधिक महिलाओं ने भी किया है आवेदन
- समय पर सूचना न देने पर कार्रवाई का प्रावधान




### ये है मामला

राज्य सूचना आयोग की एक रिपोर्ट में यह खुलासा करते हुए बताया गया है कि यह स्थिति वर्ष 2024 की है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 सरकार और अधिकारियों के कामकाज में सुधार लाने और पारदर्शिता लाने का एक सार्थक प्रयास है। सूचना का अधिकार देश में भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने और अधिकारियों में लालफीताशाही को नियंत्रित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। इस अधिनियम के माध्यम से ऐसी व्यवस्था की गई है, जिसके अंतर्गत कोई भी नागरिक लोक प्राधिकारी के कार्यकलापों के संबंध में सूचना प्राप्त कर सके। यदि जनसूचना अधिकारी द्वारा संबंधित को समय पर सूचना उपलब्ध नहीं कराई जाती है, तो ऐसे अधिकारियों को, राज्य सरकार द्वारा गठित राज्य सूचना आयोग द्वारा दण्डित किया जा सकता है।

### 1 करोड़ 53 लाख से अधिक जुर्माना भी

आयोग द्वारा वर्ष 2024 में 1 करोड़ 53 लाख 13 हजार रुपए का अर्थदंड अपील एवं शिकायतों के प्रकरणों में जनसूचना अधिकारियों पर अधिरोपित किया गया है। आयोग द्वारा अधिनियम की धारा 20( 2) के तहत अपील और शिकायत के 639 प्रकरणों में इतने ही अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। राज्य में 2024 में आरटीआई के तहत 1 लाख 15 हजार से अधिक आवेदन आए। इनमें से 6 हजार 459 शासकीय सेवकों, 19 हजार 516 पत्रकारों, 8 हजार 180 सामाजिक कार्यकर्ताओं, 10 हजार 135 महिलाओं तथा 71 हजार से अधिक अन्य लोगों ने आवेदन किए थे।

# कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी, सड़क पर बैठे दिग्गज, तीन घंटे थमे रहे वाहनों के पहिए

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद राज्य की सियासत तेज हो गई है। ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदेशव्यापी चक्काजाम कर आर्थिक नाकेबंदी की। आंदोलन में कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता शामिल हुए। रायपुर के वीआईपी रोड में प्रदर्शन किया, इसमें भूपेश बघेल के साथ पंजाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजा बरार भी शामिल हुए। भूपेश बघेल सड़क पर बैठे और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ रहे। उन्होंने ईडी की कार्रवाई को बदले की भावना बताया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सभी पांचों संभागों में नेशनल हाईवे पर सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक चक्काजाम किया। बड़े वाहन रोके गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस का आरोप है कि प्रदेश में जंगल और खनिज संपदा की खुलकर लूट हो रही है, जिसमें पूंजीपतियों को छूट दी जा रही है। इससे राज्य को आर्थिक नुकसान और पर्यावरणीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। हसदेव और तमनार क्षेत्र के जंगलों की कटाई के विरोध में पहले से ही आंदोलन चल रहे हैं। सरगुजा, बस्तर, दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर संभाग की सड़कों पर कांग्रेसियों ने ईडी और बीजेपी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सरगुजा में कांग्रेसियों ने रघुपति राघव गाकर विरोध ▶▶| शेष पेज 5 पर

- प्रदर्शन में भूपेश सहित कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता हुए शामिल

### पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजा बरार भी प्रदर्शन में हुए शामिल



### सरकार रायपुर से नहीं अहमदाबाद से चल रही- भूपेश

छत्तीसगढ़ में चक्काजाम और आर्थिक नाकेबंदी के दौरान पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, छत्तीसगढ़ की सरकार रायपुर से नहीं, बल्कि अहमदाबाद से चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरी सरकार अडानी के लिए काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सत्ता पक्ष केंद्रीय जांच एजेंसियों का डर दिखाकर लगातार विपक्ष को जबरन जेल ▶▶| शेष पेज 5 पर

### जगदलपुर में बैज प्रदर्शन में हुए शामिल

जगदलपुर में भी नेशनल हाईवे 30 में आमगुड़ा चौक पर कांग्रेसियों ने चक्काजाम किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, जबसे प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, तब से खदान एरिया को उद्योगपतियों को बेच रही है। इसका विरोध करने पर सबसे पहले पूर्व मंत्री कवासी लखमा को ईडी के हाथों फंसाया गया। ▶▶| शेष पेज 5 पर

# डिप्टी सीएम साव बोले- कांग्रेस की नाकेबंदी रही सुपर फ्लॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, कांग्रेस की आज की गई आर्थिक नाकेबंदी सुपर फ्लॉप रही। एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले सामने आने के बाद कांग्रेस में भी भूपेश बघेल की स्वीकार्यता खत्म हो रही है। आखिर कब तक भूपेश बघेल, अपनी सरकार में हुए भ्रष्टाचारों पर पर्दा डालने के लिए ऐसे काम करेंगे।

श्री साव एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, पहली बार देखा जा रहा है कि भ्रष्टाचारियों के पक्ष में आर्थिक नाकाबंदी करके निर्दोष आम जनता को सजा देने का षड्यंत्र किया गया था। जनता का धन्यवाद कि इसे विफल कर दिया। भूपेश बघेल कह रहे हैं कि श्री राम ▶▶| शेष पेज 5 पर

- जनता ने ही भूपेश बघेल को दे दिया करारा जवाब



### ईडी ने बताया है चैतन्य को पैसे मिले

श्री साव ने कहा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी),रायपुर जोनल कार्यालय की प्रेस रिलीज में भी यह आईने की तरह साफ है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और अनुसूचित अपराधों से अर्जित 2500 करोड़ रुपए से अधिक की आपराधिक आय (पीओसी) लाभार्थियों की जेबों में भर गई। श्री साव ने कहा, ईडी की प्रेस रिलीज से यह पता चला है कि चैतन्य बघेल को 16.70 करोड़ रुपये की पीओसी प्राप्त हुई थी। चैतन्य ने उक्त पीओसी को मिलाने के लिए अपनी ▶▶| शेष पेज 5 पर

### भूपेश सरकार ने राजस्व पर भी डाका डाला

श्री साव ने कहा, कांग्रेस की भूपेश सरकार ऐसी अनोखी भ्रष्ट सरकार थी जो अपने ही राजस्व में डाका डालती थी। आर्थिक नाकेबंदी में भूपेश को विशेषज्ञता हासिल है जब शासन में थे तो कोल, महादेव एप्प, चावल, शराब, पीएससी, घोटाला करके प्रदेश के आर्थिक विकास की नाकेबंदी इन्होंने करवायी थी। श्री साव ने कहा प्रदेश भर की जनता ने आर्थिक नाकेबंदी का विरोध किया। व्यापारिक और श्रम संगठनों ने इनकी नाकाबंदी का विरोध किया था। जनता भी खुल कर इनकी अराजकता के विरोध में आई।

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान

# शिक्षा व्यवस्था को और सशक्त प्रभावी बनाने व्यापक तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान शुरू करने का फैसला किया है, जिसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। इसी कड़ी में मंगलवार को स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शिक्षा व्यवस्था को और सशक्त व प्रभावी बनाने के निर्देश जिला कलेक्टरों को दिए हैं। इस ▶▶| शेष पेज 5 पर

- स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह ने कलेक्टर्स को लिखी चिट्ठी

### क्रियान्वयन के लिए तैयारियां

जिले के समस्त शालाओं में निर्धारित तिथि में सामाजिक अंकेक्षण करवाया जाना है, जिसमें समुदाय के साथ मिलकर बच्चों के स्तर का आकलन करते हुए स्कूलों की ग्रेडिंग की जाएगी। इसके बाद अगले चरण में चयनित शालाओं में जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दो-दो स्कूल आवंटित किए जाएंगे, जिसकी नियमित मानिटरिंग कर जनसे सुधार लाने की दिशा में आवश्यक सहयोग अपेक्षित होगा। इस हेतु अपने जिले के बाल जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागीय ▶▶| शेष पेज 5 पर

# शराब घोटाले में फंसे चैतन्य बघेल को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में गिरफ्तार प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को मंगलवार को ईडी ने विशेष कोर्ट में पेश किया। इस दौरान कोर्ट ने चैतन्य को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया। ईडी ने 18 जुलाई को चैतन्य को उनके भिलाई निवास से शराब घोटाले में अहम सबूत मिलने के बाद गिरफ्तार किया था। इसके बाद चैतन्य 5 दिनों तक न्यायिक रिमांड पर ईडी की हिरासत में थे। इस दौरान उनसे लंबी पूछताछ की गई है। सूत्रों के अनुसार इस पूछताछ में ईडी को चैतन्य से कई अहम जानकारी भी हाथ लगी है। हालांकि अधिकारियों ने इसका खुलासा ▶▶| शेष पेज 5 पर



### 32 सौ करोड़ से अधिक का घोटाला

प्रदेश में कांग्रेस शासन के कार्यकाल में हुए शराब घोटाला में ईओडब्ल्यू ने चार्जशीट में जानकारी दी है कि इस घोटाले के पैसे से 11 आरोपी अधिकारियों ने अपने रिश्तेदारों के नाम पर करोड़ों की जमीन सहित संपत्ति भी खरीदी है। सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात ये है कि अभी ▶▶| शेष पेज 5 पर

### चैतन्य बघेल को 14 दिन की जेल

बचाव पक्ष के वकील ने चैतन्य बघेल पर ईडी द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को गलत बताया है। सुनवाई के बाद कोर्ट से बाहर आने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि चैतन्य की रिमांड पर बचाव ▶▶| शेष पेज 5 पर

### जांच में मिले सबूतों के बाद ईडी ने चैतन्य को किया गिरफ्तार

शराब घोटाला में पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ में ईडी को इस घोटाला में चैतन्य की संलिप्तता के कई सबूत मिले थे, जिसके आधार पर ईडी ने जांच करते हुए 18 जुलाई को भिलाई में पूर्व मुख्यमंत्री के निवास पर रेड मारकर चैतन्य को गिरफ्तार कर ईडी दफ्तर ले गई थी। पूछताछ के बाद ईडी ने चैतन्य को कोर्ट में पेश कर 5 दिन के लिए रिमांड पर लिया था। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद चैतन्य को दोबारा कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने इस बार चैतन्य को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस केस में 4 अगस्त को सुनवाई होगी।




## बिलासपुर रेल मंडल में चौथी रेल लाइन से जोड़ने किया जाएगा नॉन इंटरकनेक्टिविटी का कार्य

# एक बार फिर 22 ट्रेनें रद्द, अगस्त में यात्रा थोड़ी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अगस्त में पटरियों से जुड़ा बड़ा कार्य शुरू किया जाएगा। इस कारण रायपुर से होकर गुजरने वाली लंबी दूरी की 22 ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि दर्जनभर ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया जाएगा। यात्रियों को इस अवधि में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। रेलवे के अनुसार 24 अगस्त से 26 अगस्त तक बिलासपुर रेल मंडल में चौथी रेल लाइन को जोड़ने और नॉन-इंटरकनेक्टिविटी से जुड़ा कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही रायगढ़–झारसुगुड़ा सेक्शन में तीसरी और चौथी रेलवे ▶▶| शेष पेज 5 पर



### पैसेंजर गाड़ी भी रहेगी रद्द

- 24 से 27 अगस्त, तक रायगढ़ से रवाना होने वाली गाडी संख्या 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू रद्द रहेगी ।
- 24 से 27 अगस्त, तक बिलासपुर से 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू रद्द रहेगी ।
- 24 से 27 अगस्त, तक रायगढ़ से रवाना होने वाली गाडी संख्या 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू रद्द रहेगी ।
- 23 से 26 अगस्त, तक बिलासपुर से 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू रद्द रहेगी ।

### रद्द रहेगी यह एक्सप्रेस

- 23 से 26 अगस्त, तक टाटा से 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
- 24 से 27 अगस्त, तक को बिलासपुर से 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
- 23 अगस्त, को सांतरागाछी से 20822 सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
- 25 अगस्त, को पुणे से 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
- 22 अगस्त, को हावड़ा से 12870 हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
- 24 अगस्त, को मुंबई से 12869 मुंबई-हावड़ा ▶▶| शेष पेज 5 पर

## बिहार इलेक्शन तक उपराष्ट्रपति चुनाव टला तो मिलेगा चौंकाने वाला कैंडिडेट

# ...तो नीतीश होंगे उपराष्ट्रपति पद के एनडीए से उम्मीदवार!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



जगदीप धनखड़ के सोमवार शाम अचानक स्वास्थ्य कारणों से उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद देश के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। ऐसे में सभी की नजरें संसद के नंबर गेम पर टिकी हैं। इस बार के चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को स्पष्ट बढ़त मिलती दिख रही है क्योंकि दोनों सदनों में उसके पास पर्याप्त संख्या है। लेकिन बड़ा सवाल यह है इस संवैधानिक पद की जिम्मेदारी किसे मिलेगी। आश्चर्यजनक रूप से इस पद के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम सामने आ रहा है। ऐसे में धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे से हैरान बीजेपी के अंदर भी चर्चाओं का दौर जारी है। अलग-अलग खेमे में अलग-अलग अटकलें लगाई जा रही हैं। मसलन, जब दिल्ली में बीजेपी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने नाम की गोपनीयता की शर्त पर कहा कि 'हो सकता है कि यह चुनाव बिहार विधानसभा चुनाव तक टल जाए। क्योंकि, इसे करवाने की इतनी जल्दी नहीं लग रही।' उन्होंने संभावना जताई कि 'अगर बिहार चुनाव तक यह टल जाता है तो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए के भावी प्रत्याशी हो सकते हैं।' नीतीश के अलावा राज्यसभा के उपसभापति हरवंश, व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का नाम भी सुर्खियों में है।



नीतीश कुमार



जेपी नड्डा



हरिवंश नारायण सिंह

### हरवंश का नाम भी जोरों पर

सूत्रों ने सबसे ज्यादा जोर राज्यसभा के उपसभापति हरवंश के नाम पर दिया है। उनका कहना है कि 'नीतीश की जेडीयू अबकी बार जो एनडीए में आई है तो उसमें हरिवंश ही बड़े किरदार रहे हैं।' इसके साथ ही उन्होंने एक तरह से दावा किया कि जो भी होगा, वह 'बिहार का हो सकता है।' सामान्य चर्चा यह है कि राज्यसभा के वाइस चेयरमैन हरिवंश को एनडीए कैंडिडेट बनाया जा सकता है। उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी का भरोसा हासिल है। इसके अलावा बिहार से कनेक्शन है और जेडीयू के वह नेता हैं। इसीलिए कयास जोरों पर हैं कि उन्हें ही उपराष्ट्रपति बनाया जा सकता है।

### राज्यसभा में भी एनडीए की स्थिति मजबूत

लोकसभा की कुल 543 सीटों में से वर्तमान में बशीरहाट सीट खाली है, जिससे लोकसभा की प्रभावी संख्या 542 हो जाती है। इसमें भाजपा और उसके सहयोगियों यानी एनडीए के पास कुल 293 सांसदों का समर्थन है। यानी लोकसभा स्तर पर एनडीए को बहुमत से काफी ऊपर की स्थिति हासिल है। राज्यसभा में कुल 245 सीटें होती हैं लेकिन वर्तमान में पांच सीटें खाली हैं। इनमें से चार जम्मू-कश्मीर से हैं और एक पंजाब से, जहां आम आदमी पार्टी के संजीव अरोड़ा ने हाल ही में विधानसभा उपचुनाव जीतने के बाद इस्तीफा दे दिया था। यानी राज्यसभा की प्रभावी संख्या 240 रह गई है। इनमें एनडीए के पास 129 सांसदों का समर्थन है। यह आंकड़ा तब और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब इसमें मनोनीत सदस्य भी शामिल होते हैं, जो परंपरागत रूप से सरकार के समर्थन में मतदान करते हैं।

### कुल 786 में से एनडीए के पास कितने?

उपराष्ट्रपति का चुनाव लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों द्वारा किया जाता है। कुल मिलाकर दोनों सदनों की प्रभावी संख्या 786 है और जीत के लिए उम्मीदवार को 394 वोटों की जरूरत होती है। एनडीए के पास इस समय 422 वोट हैं, यानी उसे बहुमत से कहीं अधिक समर्थन हासिल है और उसकी जीत लगभग तय मानी जा रही है, बशर्ते सभी सदस्य मतदान करें।

## खबर संक्षेप

### वायु सेना से होगी लड़ाकू विमान मिग-21 की विदाई



**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना का सबसे प्रमुख लड़ाकू विमान मिग-21 अब विदाई के लिए तैयार हैं। 62 साल में हर छोटे बड़े सैन्य युद्ध में सेना की मदद करने वाला सुपरसोनिक लड़ाकू विमान 19 सितंबर को औपचारिक तौर पर विदा हो जाएगा। लड़ाकू विमान के सम्मान में चंडीगढ़ एयरबेस पर विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा। मिग-21 मौजूदा समय में पैंथर्स 23 स्क्वाड्रन का हिस्सा है। रक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायु सेना इस साल सितंबर तक मिग-21 लड़ाकू विमानों को चरणबद्ध तरीके से हटा देगी।

### गाजा में इजराइली हमला : 20 लोग मारे

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)। गाजा में इजराइली हमलों में कम से कम 20 लोग मारे गए हैं। यह जानकारी फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को दी। इजराइल ने उस क्षेत्र में नयी घुसपैठ की, जो 21 महीने के युद्ध के दौरान बड़े पैमाने पर लड़ाई से अछूता था। इजराइल के जमीनी आक्रमण का विस्तार ऐसे समय में हो रहा है जब इजराइल और हमास गाजा के लिए युद्ध विराम की शर्तों पर विचार कर रहे हैं, जिससे लड़ाई रुक जाएगी और कुछ बंधकों की रिहाई संभव हो सकेगी। वार्ता का नवीनतम दौर हफ़्तों तक चला, लेकिन कोई सफलता के संकेत नहीं मिले, हालांकि वार्ताकारों ने उम्मीद जतायी है।

### सांसद इंजीनियर रशीद रिहा, आएंगे संसद

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को जेल में बंद लोकसभा सदस्य इंजीनियर रशीद को संसद के मानसून सत्र में भाग लेने के वास्ते 24 जुलाई से चार अगस्त तक के लिए अभिरक्षा पैरोल पर रिहा कर दिया। वर्ष 2017 के आतंकवाद के वित्त पोषण मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद रशीद वर्ष 2019 से तिहाड़ जेल में कैद हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने अभिरक्षा पैरोल मंजूर की। फिलहाल विस्तृत आदेश का इंतजार है।

## एसआईआर 'इंडिया' गठबंधन ने दिखाई ताकत

# बिहार वोटर लिस्ट पर संसद भवन से बिहार विधानसभा तक विपक्ष ने जताया विरोध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर मंगलवार को संसद के भीतर और बाहर विरोध जताया। विपक्षी सांसदों ने पहले संसद परिसर में प्रदर्शन किया और फिर लोकसभा एवं राज्यसभा में भी इस मुद्दे पर जमकर नारेबाजी की जिससे दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई। संसद के 'मकर द्वार' के निकट आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, राष्ट्रीय जनता दल के नेता मनोज झा और मीसा भारती तथा कई अन्य सांसद शामिल हुए। विपक्षी नेताओं ने वोटर लिस्ट समीक्षा का विरोध किया। संसद भवन के साथ ही बिहार विधानसभा के बाहर भी प्रदर्शन हुआ। यहां प्रदर्शनकारियों ने न्यायिक जांच की मांग की।

### राहुल, अखिलेश सहित कई बड़े नेताओं ने संसद के भीतर और बाहर किया प्रदर्शन

#### विपक्ष का चुनाव आयोग पर आरोप

नेताओं ने आरोप लगाया कि संशोधन प्रक्रिया से प्रवासियों, आर्थिक रूप से कमजोर और हाशिए पर पड़े समुदायों को निशाना बनाया जा रहा है। विपक्ष की मांग है कि इस प्रक्रिया पर संसद में विस्तार से चर्चा और न्यायिक जांच हो। चुनाव आयोग इस संशोधन मॉडल को पूरे देश में लागू करने की योजना बना रहा है।




#### बिहार में भी एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन

बिहार विधान परिषद में विपक्ष की नेता राबड़ी देवी ने राज्य विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इसमें अन्य विपक्षी भी शामिल हुए। हाथ में पोस्टर लेकर विपक्षी सांसद आसन के पास पहुंच गए। इसके बाद सदन की कार्यवाही दो मिनट के भीतर ही स्थगित कर दी गई. इसके बाद विपक्ष ने संसद के बाहर अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। कांग्रेस सांसद सप्तगिरि शंकर उल्का ने कहा, हमें लगता है कि एसआईआर गरीबों, दलितों और आदिवासियों को उनके वोट के अधिकार से वंचित करने की कोशिश है। वोट चुराने की जो कोशिश उन्होंने महाराष्ट्र, हरियाणा में की, वही बिहार में भी हो रही है।

#### वोटर लिस्ट से 51 लाख लोगों के नाम हटेंगे : चुनाव आयोग

भारतीय चुनाव आयोग ने बिहार में मृतकों या पलायन लोगों का हवाला देते हुए कहा कि राज्य की मतदाता सूची से 51 लाख नाम हटाए जाएंगे। मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति में आयोग ने कहा कि एसआईआर परीक्षण में जो तथ्य सामने आए हैं, उनमें 18 लाख मृतकों के नाम पाए गए हैं। 26 लाख लोग दूसरे विधानसभा क्षेत्रों में जा चुके हैं। 7 लाख लोगों ने दो जगह अपने वोटर आईडी कार्ड बनवा रखे हैं। इस तरह कुल 51 लाख लोगों के नाम बिहार की वोटर लिस्ट से हटाया जाएगा।

#### निर्वाचन आयोग ने बिहार में एसआईआर को उचित ठहराया

निर्वाचन आयोग ने बिहार में मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को उचित ठहराते हुए कहा है कि यह सूची से 'अयोग्य व्यक्तियों को हटाकर' चुनाव की शुचिता को बढ़ाता है। बिहार से शुरू कर पूरे भारत में मतदाता सूची के एसआईआर का निर्देश 24 जून को दिया गया। इस निर्देश को चुनौती देने वाली याचिका के संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा दायर हलफनामे में कहा गया है कि मतदान का अधिकार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धाराओं 16 और 19 के साथ अनुच्छेद 326 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 62 से प्राप्त होता है जिसमें नागरिकता, आयु और सामान्य निवास के संबंध में कुछ पात्रताओं की बात की गई है। एक अपात्र व्यक्ति को मतदान का कोई अधिकार नहीं है और इसलिए वह इस संबंध में अनुच्छेद 19 और 21 के उल्लंघन का दावा नहीं कर सकता।" न्यायालय इस मामले की सुनवाई 28 जुलाई को करेगा।

# एअर इंडिया को फ्यूल स्विच लॉकिंग सिस्टम गड़बड़ नहीं मिला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एअर इंडिया ने बोइंग 787 और 737 प्लेन के फ्यूल कंट्रोल स्विच (एफसीएस) के लॉकिंग सिस्टम की जांच पूरी कर ली है। एयरलाइंस ने मंगलवार को बताया कि इसमें कोई समस्या नहीं थी। दरअसल, अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने अपनी प्राइमरी रिपोर्ट में दावा किया था कि अहमदाबाद प्लेन क्रैश से पहले फ्यूल स्विच बंद कर दिए गए थे। इसके बाद एविएशन सिक्योरिटी रेग्युलेटर ( डीजीसीए) ने 12 जुलाई को एयरलाइनों को अपने विमानों में फ्यूल स्विच सिस्टम की जांच करने का निर्देश दिया था। 21 जुलाई को रिपोर्ट मांगी थी। बोइंग 787, एअर इंडिया के बेड़े का हिस्सा है। बी 737 का संचालन इसकी कम लागत वाली सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस करती है। इनके अलावा इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा के पास भी बोइंग हैं। एअर इंडिया की

### प्लेन हादसा : एएआईबी का जांच के बाद दावा

प्राइमरी रिपोर्ट में स्विच बंद करने का था दावा



#### फ्यूल स्विच की जांच पर यह कहा

एअर इंडिया ने कहा कि उसकी दोनों एयरलाइन एआई और एआईईएक्स ने 14 जुलाई को जारी डीजीसीए के निर्देशों का पालन किया है। कंपनी ने 12 जुलाई को स्वैच्छिक निरीक्षण शुरू किया और निर्धारित समय सीमा के भीतर इसे पूरा कर लिया।

फ्लाइट ने 12 जून को दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी थी और 1.40 बजे हादसा हो गया। उस समय प्लेन 200 फीट की ऊंचाई पर था।

#### 5 पन्नों की रिपोर्ट

5 पन्नों की रिपोर्ट के मुताबिक, टेकऑफ से लेकर हादसे तक की पूरी उड़ान करीब 30 सेकेंड ही चली। इस समय तक रिपोर्ट में बोइंग 787-8 विमान और इंजन को लेकर किसी ऑपरेटर के लिए कोई चेतावनी या कार्रवाई की सिफारिश नहीं की गई है। साथ ही रिपोर्ट में मौसम, बर्ड-हिट और सबोटाज जैसे किसी भी कारण का जिक्र नहीं है। दोनों पायलट (सुमीत सभरवाल और को-पायलट क्लाइव कुंदर) मुंबई बेस्ड थे और पिछले दिन अहमदाबाद पहुंचे थे। फ्लाइट से पहले पर्याप्त रेस्ट लिया था।

# कांवड़ रूट पर बरकरार रहेगा क्यूआर कोड, रोक से सुप्रीम कोर्ट ने किया इंकार

### वैधानिक कायदों का हो पालन



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों के लिए 'क्यूआर' कोड संबंधी निर्देश पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार कर दिया और इस मार्ग पर मौजूद सभी होटल मालिकों को निर्देश दिया कि वे वैधानिक आवश्यकताओं के अनुरूप अपने लाइसेंस एवं पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदर्शित करें। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वह होटल या ढाबा मालिक का नाम और क्यूआर कोड प्रदर्शित करने के अन्य मुद्दों पर विचार नहीं कर रही, क्योंकि मंगलवार को कांवड़ यात्रा का अंतिम दिन है। पीठ ने कहा, 'हमें बताया गया है कि यात्रा का आज अंतिम दिन है... इसलिए इस स्तर पर हम केवल यह आदेश पारित कर सकते हैं कि सभी संबंधित होटल मालिक वैधानिक आवश्यकताओं के अनुसार लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदर्शित करने के निर्देश का पालन करेंगे।'

#### तर्क और जवाब

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक एम. सिंघवी ने कहा, 'यात्रा के दौरान लोगों को बहिष्कृत करने की यह सबसे विभाजनकारी पहल है, मानो ये लोग अछूत हों। क्या 'मेनू कार्ड' (व्यंजन के विकल्पों की सूची) के बजाय मेरा उपनाम यह सुनिश्चित करेगा कि 'कांवड़ियों' को अच्छी गुणवत्ता वाला भोजन मिलेगा या नहीं?' वरिष्ठ वकील ने कुछ दुकानों पर कांवड़ियों के कथित हमलों से जुड़ी खबरों का हवाला देते हुए कहा, 'जब आप विभाजन के बीज बोते हैं, तो बाकी चीजों का ध्यान जनता खुद रख लेती है।' उनके तर्क का जवाब देते हुए न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा कि लोगों के खान-पान के विकल्प अलग-अलग होते हैं और कोई शाकाहारी व्यक्ति, खासकर धार्मिक यात्रा के दौरान केवल शाकाहारी भोजन परोसने वाली जगह पर ही जाने का विकल्प चुनना चाहेगा।

### कांवड़ यात्रा का उत्साह...



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में श्रावण के पवित्र महीने के दौरान कांवड़ यात्रा के समापन की पूर्व संध्या पर मंगलवार को हरिद्वार से पवित्र जल लेकर आते हुए कांवड़िये।

# लोकसभा अध्यक्ष से मिले शाह महाभियोग पर चर्चा की अटकलें

### न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया शुरू करने पर हुई बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार शाम को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से उनके आवास पर मुलाकात की। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया शुरू करने और इससे जुड़े प्रस्ताव के तमाम पहलुओं पर चर्चा हुई। हालांकि इस मुलाकात में क्या बातचीत हुई इसको लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया बावजूद इसके अटकलें लगाई जा रही हैं कि सरकार महाभियोग की दिशा में आगे बढ़ रही है। सूत्रों का कहना है कि बिरला के साथ शाह की बैठक में लोकसभा में चल रहे गतिरोध को खत्म करने के लिए क्या कुछ किया जा सकता है, इस पर बात हुई।

#### 152 सांसदों के हस्ताक्षर

ज्ञात हो कि सोमवार को संसद परिसर स्थित लोकसभा अध्यक्ष बिरला के कार्यालय में सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों की एक बैठक हुई थी। इस दौरान संसद में प्रस्ताव पेश करने से जुड़े कानूनी पहलुओं और राजनीतिक रणनीति पर चर्चा की गई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जानकारी दी कि प्रस्ताव पर 152 सांसदों के हस्ताक्षर हैं, जो विभिन्न दलों से आते हैं। गौरतलब है कि जस्टिस वर्मा पिछले दिनों उस वक्त चर्चा में आये थे जब उनके सरकारी आवास में नकदी में आग लगने की घटना सामने आई थी। इसके बाद वे भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे थे। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट से उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया गया था। महाभियोग से जुड़े प्रस्ताव पर विपक्षी दलों ने भी सक्रियता दिखाई है।



## रोबोट ने किया पॉपकॉर्न सर्व, अमेरिका के लॉस एंजेलिस में दिखाई भविष्य की झलक

# मस्क ने खोला उड़नतश्तरी जैसा दिखने वाला रेस्त्रां

एजेंसी ▶▶| लॉस एंजेलिस

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने एक ऐसा रेस्टोरेंट लॉन्च किया है जो तकनीक, एंटरटेनमेंट और रेट्रो फील का अनोखा कॉम्बिनेशन है। लॉस एंजेलिस में खुला ये नया डायनर किसी उड़नतश्तरी जैसा दिखता है, और इसका एक्सपीरियंस भी कुछ वैसा ही है— भविष्य की झलक और पुराने जमाने की अमेरिकी डायनर संस्कृति का शानदार फ्यूजन। 1950 स्टाइल वाले डायनर के लॉन्च इवेंट में ऑप्टिमस रोबोट ने पॉपकॉर्न सर्व किया। यहां खाना साइबरट्रक-स्टाइल बॉक्स में सर्व किया जाता है। मस्क ने भी यहां डिनर किया। ये डायनर एक ऐसा एक्सपीरियंस है जो पुराने जमाने की अमेरिकी डायनर संस्कृति को भविष्य की तकनीक के साथ जोड़ता है। मस्क ने 2018 में इस डायनर का आइडिया शेयर किया था।

### तकनीक, एंटरटेनमेंट और रेट्रो फील का अनोखा कॉम्बिनेशन



#### लॉन्च के बाद मस्क का रिएक्शन

21 जुलाई को जब यह डायनर पब्लिक के लिए खुला, तो देखने वालों की लंबी लाइन लग गई. मस्क ने खुद यहां डिनर किया और एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, 'मैंने अभी रेट्रो-फ्यूचरिस्टिक टेस्ला डायनर और सुपरचार्जर में डिनर किया। टीम ने शानदार काम किया है!' उन्होंने यह भी कहा कि यदि यह कॉन्सेप्ट हिट हुआ, तो टेस्ला ऐसे डायनर और चार्जिंग स्पॉट दुनिया के अन्य शहरों और हाइवे लोकेशन्स पर भी लॉन्च करेगा।

#### टेस्ला डायनर की खास बातें



इस लॉन्च इवेंट की सबसे बड़ी हाईलाइट रहा टेस्ला का ह्यूमनॉइड रोबोट ऑप्टिमस, जिसने पॉपकॉर्न सर्व करके सबका ध्यान खींचा। हालांकि, फिलहाल ऑप्टिमस सिर्फ डेमो और शोकेस के लिए है। रोजाना सर्विस इंसानों और रोलर स्केटिंग स्टाफ द्वारा की जाती है। यहां दो 45 फीट की एलईडी स्क्रीन्स लगी हैं, जहां ग्राहक टेस्ला की कार में बैठे-बैठे फिल्म देख सकते हैं और मूवी का ऑडियो आपकी टेस्ला कार के साउंड सिस्टम से पूरी तरह सिंक हो जाता है।

## ट्रिब्यूनल से लगा बड़ा झटका

# कांग्रेस को दान में मिले 199 करोड़ पर देना होगा टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी को ट्रिब्यूनल कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण ने 2017-18 के एक टैक्स छूट मामले में कांग्रेस पार्टी की अपील खारिज कर दी है। इस दौरान कांग्रेस को मिले 199 करोड़ रुपये के दान पर अब टैक्स देना होगा। यानी कांग्रेस को इनकम टैक्स मामले में राहत नहीं मिली है। बता दें कि कांग्रेस पार्टी को दान के तौर पर 199 करोड़ रुपये मिले थे। वहीं इसी रुपए को लेकर आयकर विभाग ने टैक्स भुगतान का नोटिस दिया था। इसका कांग्रेस पार्टी ने विरोध किया था। कांग्रेस पार्टी ने कहा था कि यह रुपये दान के तौर पर मिले हैं और इन्हें टैक्स फ्री होना चाहिए। कांग्रेस ने इनकम टैक्स विभाग के कदम को गलत बताया था। कांग्रेस पार्टी ने राजनीतिक दलों को दान में मिले पैसे पर टैक्स नहीं लगने का हवाला देकर टैक्स रिटर्न दाखिल ही नहीं किया। इसी को लेकर आयकर विभाग ने टैक्स मांगा था, जिसको अब ट्रिब्यूनल ने बरकरार रखा है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

- दुर्ग के धमधा नाका ब्रिज से आवाजाही खतरनाक पुल पर दरारें, पर रेलवे सुध नहीं ले रहा
- जान का खतरा : वर्ष 1986 में तैयार हुआ था धमधा नाका ब्रिज, आज हो चुका 40 साल से ज्यादा पुराना



# 40 साल पुराने ब्रिज से चल रहा बड़ी आबादी का गुजारा 9 साल पहले मिली थी नए की मंजूरी, पर फाइल ही गुम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अलग खबर

शहर विस्तार के साथ वाहनों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। दुर्ग शहर को धमधा, बेमेतरा, कवर्धा के रास्ते जबलपुर को जोड़ने वाला एक मात्र ब्रिज राजीव गांधी सेतु अब कंडम हो गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी इस बात को मान रहे हैं। किसी भी फ्लाईओवर या ब्रिज की अधिकतम अवधि करीब 30 साल होती है। वर्तमान में दुर्ग शहर को पटरी के उस पार जोड़ने वाले इस ब्रिज पर जगह-जगह दरारें आ चुकी हैं। ब्रिज में जगह-जगह टूट-फूट हो गई है। ▶▶|शेष पेज 5 पर



**ब्रिज को तोड़कर नया बनाया, तो बायपास से 5 किमी से ज्यादा घूमकर आना पड़ेगा :** वर्तमान में दुर्ग शहर की आबादी साढ़े 3 लाख से ज्यादा है। शहर का विस्तार से तेजी से हो रहा है। पटरीपार में कर्मचारी नगर, श्याम प्रसाद मुखर्जी नगर, जयंती नगर, तितुरडीह, आदित्य नगर, कादम्बरी नगर, जवाहर नगर, आशा नगर, हनुमान नगर सहित बायपास रोड तक दो दर्जन से ज्यादा कॉलोनियां और मोहल्ले बस चुके हैं। इसके अलावा यह रास्ता स्टेट हाईवे नंबर 7 है, जो ▶▶|शेष पेज 5 पर

### 23.60 करोड़ की बनी कार्ययोजना

नए ब्रिज को बनाने की स्वीकृति 29 मार्च 2016 को दी गई। इसमें तय किया गया कि ब्रिज के निर्माण में आधी राशि रेलवे खर्च करेगा और आधी राशि राज्य शासन। ब्रिज की अनुमानित लागत 23.60 करोड़ रुपए तय की गई। शासन ने 11.03 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी दे दी, लेकिन रेलवे से आपत्ति के कारण काम अटकता रहा है। बता दें कि सेतु निगम ने 26 जुलाई 2017 को इस बारे में वस्तु स्थिति की जानकारी तत्कालीन कलेक्टर को भी प्रेषित की है। इसके बाद से पूरा मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

### कलेक्टर और सचिव स्तर के अधिकारियों से चर्चा

इस मामले को लेकर कलेक्टर और सचिव स्तर के अधिकारियों को अवगत कराया गया है। उन्होंने डीआरएम से चर्चा की है। अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। जल्द ही उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर नए सिरे से सर्वे कराकर समाधान तलाशा जाएगा।

- गजेंद्र यादव
विधायक, दुर्ग शहर

## फाइल का अता-पता ही नहीं

जानकारी के मुताबिक नए ब्रिज के निर्माण की फाइल पिछले करीब 9 साल से इधर से उधर भटक रही है। वर्तमान विधायक गजेंद्र यादव ने वर्तमान ब्रिज के समानांतरण नए ब्रिज को बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है, लेकिन रेलवे ने इस पर आपत्ति दर्ज की है। रेलवे दो बार आपत्ति दर्ज करा चुका है। 28 जून 2024 को पहली बार सेतु निगम के तत्कालीन ईई डीके महेश्वरी, गतिशक्ति यूनिट के मिथलेश कुमार, सहायक अभियंता बीडी शेंडे, अनुभागीय अभियंता एके पात्रों, रेलवे के वरिष्ठ अभियंता के नायक, इलेक्ट्रिकल विभाग के एसएल धीवर, सेतु निगम के उप अभियंता रोशन ताम्रकार ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान जगह नहीं होने की बात कहते हुए पुराने को तोड़कर उसी जगह पर नियमों और मापदंडों के अनुरूप नया ब्रिज तैयार करने की कार्ययोजना तैयार की गई। इसके बाद 18 दिसंबर 2024 के पुनः सर्वे किया गया। इस बार टीम में सुनील कुमार, टीएन संतोष, विजय कुमार, कुंवर नायक सहित अन्य अधिकारी थे। उन्होंने भी जगह की अनुपलब्धता ▶▶|शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### एअर इंडिया के विमान की सहायक ऊर्जा इकाई में आग



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के हांगकांग से आए विमान के मंगलवार दोपहर को दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उसकी एपीयू में आग लग गई। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। हांगकांग से दिल्ली पहुंची उड़ान संख्या एआई 315 के उतरने और गेट पर पार्क होने के तुरंत बाद विमान के एपीयू में आग लग गई।

#### दिल्ली-एनसीआर में 3.2 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली।** दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मंगलवार सुबह भूकंप आया। इस दौरान जान-माल के किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि सुबह छह बजे आए भूकंप की तीव्रता 3.2 मापी गई। उसने बताया कि भूकंप का केंद्र फरीदाबाद में सतह से पांच किलोमीटर की गहराई में 28.29 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 72.21 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।

#### केरल से ब्रिटेन के लड़ाकू विमान की वापसी



**नई दिल्ली।** केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बीते 37 दिनों से खड़ा एफ-35-बी स्टेल्थ लड़ाकू विमान मरम्मत और जरूरी सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद आखिरकार मंगलवार सुबह ब्रिटेन रवाना हो गया है। पूर्व में अरब सागर में एक युद्धाभ्यास के दौरान भरी गई उड़ान के बीच आई तकनीकी खामी की वजह से 14 जून से यह विमान केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़ा था। ब्रिटेन की नौसेना के एफ-35-बी लड़ाकू विमान ने तिरुवनंतपुरम से ऑस्ट्रेलिया के डार्विन के लिए उड़ान भरी।

धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने से अटकलों का बाज़ार गर्म

# धनखड़ का इस्तीफा मंजूर, वजह पर विपक्ष के सवाल, मोदी ने की उत्तम स्वास्थ्य की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूर कर लिया। धनखड़ द्वारा सोमवार रात अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने पर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं, क्या यह 'स्वास्थ्य' कारणों से दिया गया या इसके पीछे 'कुछ और वजह' है। इधर, पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं।*

मानसून सत्र के पहले दिन राज्यसभा में चेयरमैन की जिम्मेदारी संभालते हुए एकदम सामान्य दिख रहे जगदीप धनखड़ ने दिन खत्म होने से पहले इस्तीफा दे दिया। रात को अचानक एक्स पर इस्तीफे का ऐलान किया और बिना किसी अपॉइंटमेंट के ही राष्ट्रपति भवन पहुंचकर त्यागपत्र सौंप आए। इसके बाद पूरी रात चुप्पी रही।



पीएम नरेंद्र मोदी ने तीन लाइन की एक पोस्ट एक्स पर लिखी। उन्होंने लिखा- श्री जगदीप धनखड़ जी को भारत के उपराष्ट्रपति सहित कई भूमिकाओं में देश की सेवा करने का अवसर मिला है। मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। नितिन गडकरी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, निर्मला सीतारमण समेत तमाम वरिष्ठ मंत्री भी चुप हैं। संसद के मौजूदा मानसून सत्र में नए उपराष्ट्रपति का चुनाव होने की संभावना कम है। सरकार इस सत्र में चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं करेगी। राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने मंगलवार शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

### उपसभापति हरिवंश ने राज्यसभा में कार्यवाही की अध्यक्षता की, अब नए उपराष्ट्रपति को लेकर लग रहे कयास

**कांग्रेस नेता जयराम के वार :** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में अनुमान लगाया कि दोपहर एक बजे से शाम 4.30 बजे के बीच स्पष्ट रूप से कुछ गंभीर बात हुई, जिसके कारण नड्डा और रिजिजू 'जानबूझकर' कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में शामिल नहीं हुए।

**केंद्रीय मंत्री नड्डा का पलटवार :** केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि उपराष्ट्रपति कार्यालय को सूचित कर दिया गया था कि जगदीप धनखड़ द्वारा बुलाई गई कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में वह और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू शामिल नहीं हो पाएंगे। यह बैठक कल शाम उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा देने से कुछ समय पहले हुई थी।



### राष्ट्रपति से मिले रास के उपसभापति

राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की है। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर बैठक की एक तस्वीर भी साझा की। जिसमें लिखा गया है, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

**सिब्बल ने बताया राष्ट्रवादी :** लंबे समय से धनखड़ के कटु आलोचक रहे विपक्षी सांसद कपिल सिब्बल ने उन्हें राष्ट्रवादी और देशभक्त बताया। वरिष्ठ वकील सिब्बल ने कहा कि धनखड़ चाहते थे कि दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए विपक्ष और सरकार मिलकर काम करें।

### पीएम मोदी बोले- उन्होंने कई भूमिकाओं में देश की सेवा की



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उप राष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद मंगलवार को कहा कि उन्हें कई भूमिकाओं में देश की सेवा का मौका मिला है, वह उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, श्री जगदीप धनखड़ जी को भारत के उपराष्ट्रपति सहित कई भूमिकाओं में देश की सेवा करने का अवसर मिला है। मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

### अब आगे क्या

संविधान के अनुच्छेद 68 के खंड 2 के अनुसार, उपराष्ट्रपति के निधन, त्यागपत्र या पद से हटाए जाने या अन्य किसी कारण से हुई रिक्ति को भरने के लिए चुनाव, पद रिक्त होने के बाद 'यथाशीघ्र' कराया जाएगा। रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचित व्यक्ति 'पदभार ग्रहण करने की तिथि से पूरे पांच वर्ष की अवधि तक' पद धारण करने का हकदार होगा। संविधान के अनुच्छेद 66 (1) के अनुसार उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सदस्यों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार किया जाएगा और यह चुनाव गुप्त मतदान द्वारा होगा।

## हाईकोर्ट की नाराजगी के बाद हाईवे को जाम करने वाले 7 युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

- रील्स बनाने लग्जरी कारों को खड़ी की

हाईकोर्ट की नाराजगी के बाद नींद से जागी पुलिस ने रील बनाने नेशनल हाईवे में लग्जरी कारों को खड़ी कर जाम करने वाले युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज करने के बाद रसूखदार 7 युवकों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि नई कार खरीदकर कुछ रसूखदार लड़कों रील्स बनाने के लिए नेशनल हाईवे को जाम कर दिया गया था। ड्रोन कैमरे से वीडियो शूट कर नई कार खरीदने का जश्न भी मनाया गया था। इस दौरान सड़क पर लोगों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ा था। सोशल मीडिया में वीडियो ▶▶|शेष पेज 5 पर

#### इनकी हुई गिरफ्तारी

- वेदांत शर्मा पिता विनय शर्मा 19 साल अज्ञेय नगर
- दुर्गेश ठाकुर पिता महेन्द्र प्रताप सिंह 39 साल मसानगंज
- सिद्धार्थ शंकर शर्मा पिता गिरजा शंकर शर्मा 31 साल जोरापारा
- अभिनव पाण्डे पिता रामनाथ पाण्डे 40 साल रामा वर्ल्ड सिरगिट्टी
- आकाश सिंह पिता संजीत सिंह 36 साल गंगानगर
- विपिन वर्मा पिता गेंदलाल वर्मा 43 साल चकरभाठा
- यशवंत मिश्रा पिता घनश्याम मिश्रा 38 साल बोदरी चकरभाठा

#### गिरफ्तारी की गई

रील्स बनाने नेशनल हाइवे को जाम करने के मामले में अपराध कायम कर 7 गाड़ी जब्त कर युवकों को गिरफ्तार किया गया है। मुचलका धारा होने से युवकों को मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया गया है। - **प्रदीप आर्या,** सकरी टीआई

## घंटे भर में आधा शहर डूबा...



**रायपुर।** स्थानीय प्रभाव से राजधानी में मंगलवार की सुबह खंडवर्षा ने शहर के एक बड़े हिस्से का जलमग्न कर दिया। घंटेभर में हुई झमाझम बारिश से शहरी इलाकों में घुटने तक पानी भर गया। इस दौरान कई इलाकों में सूखे जैसी स्थिति बनी रही। रायपुर की तरह दुर्ग में भी कई क्षेत्रों में तेज बारिश हुई और कई हिस्से सूखे रह गए।

## कर्ज के बदले 64 करोड़ की रिश्वत, चंदा कोचर दोषी



**नई दिल्ली।** भारत के एक अपीलीय ट्रिब्यूनल ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर को भ्रष्टाचार का दोषी पाया है। ट्रिब्यूनल के मुताबिक, चंदा ने विडियोकॉन समूह को 300 करोड़ का कर्ज मंजूर करने के बदले में 64 करोड़ की रिश्वत ली। यह रकम उनके पति दीपक कोचर की कंपनी को दी गई थी, जो वीडियोकॉन से जुड़ी थी। अपीलीय ▶▶|शेष पेज 5 पर

#### पद के दुरुपयोग का आरोप

सीबीआई की एक प्राथमिकी पर आधारित ईडी के मामले में दावा किया गया है कि चंदा कोचर ने इस राशि को मंजूरी देते समय अपने पद का दुरुपयोग करके आईसीआईसीआई बैंक को धोखा देने के लिए एक आपराधिक साजिश रची। जांच एजेंसियों के अनुसार, चंदा कोचर ने अपने पति के माध्यम से वीआईएल या वीडियोकॉन समूह के प्रमोटर वी एन धूत से अवैध रूप से रिश्वत-अनुचित लाभ प्राप्त किया।

सुप्रीम कोर्ट में दो अहम मामले, एक राष्ट्रपति के 14 सवाल पर, दूसरा गुजारा भत्ता को लेकर

## क्या राष्ट्रपति को आदेश दे सकती है न्यायपालिका? केंद्र-राज्यों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राष्ट्रपति ने पूछे 14 सवाल

देश की सर्वोच्च अदालत की 5 सदस्यीय संवैधानिक पीठ ने विधेयकों की मंजूरी से जुड़ी राष्ट्रपति के 14 रेफरेंस पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। इस पीठ की अध्यक्षता सीजेआई बीआर गवई कर रहे हैं। सीजेआई ने कहा है कि इस मामले की सुनवाई अगस्त के बीच में होगी। पीठ ने कहा कि यह मुद्दा केवल एक राज्य का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। पीठ ने कहा कि वह 29 जुलाई को सुनवाई का कार्यक्रम तय करेगी और अगस्त के मध्य तक सुनवाई शुरू करने की योजना है। मई में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ▶▶|शेष पेज 5 पर



#### क्या था सुप्रीम कोर्ट का फैसला?

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पादरीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा था कि राज्यपाल को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। अगर राज्यपाल बिल को राष्ट्रपति के पास भेजते हैं, तो राष्ट्रपति को भी तीन महीने के अंदर फैसला देना होगा। इस दौरान कोर्ट ने यह भी कहा था कि अगर समयसीमा का उल्लंघन होता है, तो राज्य सरकार कोर्ट से रिट ऑफ मैनडेमस की मांग कर सकती है।

## गुजारा भत्ता में मांगा 12 करोड़, घर कोर्ट ने पूछा- आप कमाती क्यों नहीं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि योग्य महिलाओं को अपनी आजीविका के लिए कमाई करनी चाहिए। उन्हें अपने पति से गुजारा भत्ता के रूप में अंतरिम भरण-पोषण की मांग नहीं करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई ने गुजारा भत्ता संबंधी एक मामले की सुनवाई करते हुए एक महिला को फटकार लगाते हुए कहा, आप इतनी पढ़ी-लिखी हैं। आपको खुद के लिए मांगना नहीं चाहिए, आपको खुद कमाकर खाना चाहिए।



चीफ जस्टिस ने यह बात एक महिला की याचिका पर कही जिसने शादी के 18 महीने के भीतर अपने पति से अलग होने के बाद मुंबई में घर और गुजारा भत्ता के रूप में 12 करोड़ रुपए की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ▶▶|शेष पेज 5 पर

#### पति अमीर हैं, इसलिए मांगा गुजारा भत्ता

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक महिला ने अपनी मांग को सही बताते हुए कहा कि उसके पति बहुत अमीर हैं और उन्होंने शादी को रद्द करने की मांग की है। पति का यह भी कहना है कि महिला सिजोफ्रेनिया से पीड़ित है। चीफ जस्टिस ने महिला से कहा, आप हायली एजुकेटेड हैं और आपने अपनी मर्जी से काम नहीं करने का फैसला किया है। या तो आपको बिना किसी परेशानी के एक फ्लैट मिलेगा या कुछ नहीं।



चिंतन

# इस्तीफा व्यक्तिगत फैसला विपक्ष न करे राजनीति

उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद से देश में सियासी पारा गर्म है। विपक्ष सरकार पर दबाव बना रहा है कि इस इस्तीफे के पीछे का सच बाहर आना चाहिए। सरकार या भाजपा की तरफ से चुप्पी सस्पेंस को बढ़ा रही है और कयासों को हवा दे रही है। इस्तीफे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिक्रिया भी सामान्य है। हालांकि इस्तीफा व्यक्तिगत फैसला होता है, इस पर विपक्ष को राजनीति नहीं करनी चाहिए। जगदीप धनखड़ ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र के पहले दिन स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से त्यागपत्र दे दिया और कुछ ही देर बाद राष्ट्रपति ने इसे स्वीकार भी कर लिया। धनखड़ के इस्तीफे को भी उनके व्यक्तिगत फैसले के रूप में देखा जाना चाहिए, लेकिन घटनाक्रम इतनी तेजी से घटा कि विपक्ष सवाल उठा रहा है कि आखिर ऐसा क्या हुआ? 12 दिन पहले ही धनखड़ ने जेएनयू के एक कार्यक्रम में अपना कार्यकाल पूरा करने की बात कही थी। अगस्त 2027 तक उनका कार्यकाल था। दो साल पहले ही धनखड़ का स्वास्थ्य का हवाला देते हुए पद छोड़ना चौंकाता है। विपक्ष जो जगदीप धनखड़ की ज्यादातर समय आलोचना किया करते थे और उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव तक लाया था, इस फैसले से हैरत में हैं। माना जा रहा है कि इस त्यागपत्र के कई सियासी मायने हैं। सोमवार को राज्यसभा में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई शुरू करने के लिए आए प्रस्ताव में सभी 63 विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर व सत्ता पक्ष के एक भी सांसद के साइन नहीं होने के बावजूद सभापति के रूप में धनखड़ के नोटिस को स्वीकारने से भाजपा असहज हुई हो। राज्यसभा में ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और केंद्रीय मंत्री व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच खड़संवाद, आसन को अरुचिकर लगा हो व इस्तीफे का कारण हो। एक कयास यह भी है कि आगे बिहार में विधानसभा चुनाव है और अगले साल तमिलनाडु में विस चुनाव है, तो इसे देखते हुए इन दोनों में से किसी एक राज्य के नेता को उपराष्ट्रपति बनाकर भाजपा कोई राजनीतिक संदेश देना चाह रही हो। इसलिए इस्तीफा हुआ हो। हालांकि इसके और भी तरीके हो सकते हैं। धनखड़ का न्यायपालिका से लगातार टकराव भी एक वजह हो सकता है, लेकिन फिर टाइमिंग इस वजह से मैच नहीं कर रही है। धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट्स कमीशन (एनजेएसी) कानून रद किए जाने की निंदा करते हुए न्यायपालिका द्वारा संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन का आरोप लगाया था। यह सही है कि जगदीप धनखड़ बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे और हाल में ही उन्होंने हृदय संबंधी समस्याओं का इलाज करवाया था, तो त्यागपत्र के पीछे वास्तव में उनका स्वास्थ्य कारण ही माना जाना चाहिए। धनखड़ के 3 साल के कार्यकाल में राज्यसभा में विपक्षी दलों के साथ उनकी लगातार तीखी बहस हुईं, लेकिन कई बार विवादास्पद मुद्दों पर उनकी तीखी टिप्पणियों ने सरकार को असहज भी किया। उपराष्ट्रपति के रूप में भारत के प्रति धनखड़ की समर्पित और बहुमूल्य सेवा के लिए हमेशा उनकी सराहना होगी। अपने कार्यकाल में संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की। बहरहाल, संविधान के अनुच्छेद 68 के तहत, उनके उत्तराधिकारी का चुनाव छह महीने के भीतर पूरा करना अनिवार्य है। उपराष्ट्रपति भारत का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पद है। वह राज्यसभा का पदेन सभापति भी होता है। इसलिए यह पद लंबे समय तक रिक्त नहीं रखा जा सकता है।



धनखड़ का इस्तीफा
विवेक शुक्ला

# पहले भी विवादों में रहे हैं उपराष्ट्रपति

जगदीप धनखड़ के मंगलवार को उप राष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने से देश की राजनीति में भूचाल सा आ गया है। उनके इस्तीफे को लेकर तमाम तरह की अटकलबाजी चल रही है। हालांकि उन्होंने इस्तीफे का कारण अपना खराब स्वास्थ्य बताया है। पर इस कारण पर कोई भरोसा नहीं कर रहा। धनखड़ से पहले भी देश के कुछ उपराष्ट्रपति विवादों में रहे हैं। देश में उपराष्ट्रपति को लेकर पहला विवाद बड़ा विवाद वी.वी. गिरि से जुड़ा है। यह बात है 1969 की। यह भारतीय राजनीति का एक बड़ा विवाद था जिसमें देश के उप-राष्ट्रपति सीधे तौर पर शामिल थे। बहरहाल, जगदीप धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे का असर अभी कुछ दिनों तक और चलने वाला है।

भारत में उपराष्ट्रपति पद पर आसीन शख्सियतें अक्सर विवादों से घिरी रहीं हैं। जगदीप धनखड़ के मंगलवार को उप राष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने से देश की राजनीति में भूचाल सा आ गया है। उनके इस्तीफे को लेकर तमाम तरह की अटकलबाजी चल रही है। हालांकि उन्होंने इस्तीफे का कारण अपना खराब स्वास्थ्य बताया है। पर इस कारण पर कोई भरोसा नहीं कर रहा। धनखड़ से पहले भी देश के कुछ उपराष्ट्रपति विवादों में रहे हैं।

देश में उपराष्ट्रपति को लेकर पहला विवाद बड़ा विवाद वी.वी. गिरि से जुड़ा है। यह बात है 1969 की। यह भारतीय राजनीति का एक बड़ा विवाद था जिसमें देश के उप-राष्ट्रपति सीधे तौर पर शामिल थे। दरअसल 1969 में राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन के निधन के बाद, तत्कालीन उप-राष्ट्रपति वी.वी. गिरि कार्यवाहक राष्ट्रपति बने। कांग्रेस पार्टी के भीतर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पुराने नेताओं के 'सिंडिकेट' के बीच सत्ता संघर्ष चरम पर था। कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार नीलम संजीव रेड्डी थे, जिन्हें सिंडिकेट का समर्थन प्राप्त था। इंदिरा गांधी ने वी.वी. गिरि को एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कांग्रेस के सांसदों और विधायकों से 'अंतरात्मा की आवाज' पर वोट देने का आह्वान किया। परिणाम यह हुआ कि गिरि एक बहुत ही करीबी मुकाबले में जीत गए। इस घटना ने कांग्रेस पार्टी को दो फाड़ कर दिया और इंदिरा गांधी को पार्टी के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापित किया।

यह एक ऐसा मामला था जहां उप-राष्ट्रपति का पद सीधे तौर पर सत्ता संघर्ष का एक उपकरण बन गया। इसी क्रम में बी.डी. जत्ती और 1977 के संवैधानिक संकट की चर्चा करना भी जरूरी है। राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के 1977 में निधन के बाद, उप-राष्ट्रपति बी.डी. जत्ती कार्यवाहक राष्ट्रपति बने। देश में आपातकाल के बाद, केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी। सरकार ने नौ कांग्रेस शासित राज्यों की विधानसभाओं को भंग करने की सिफारिश की। कार्यवाहक राष्ट्रपति जत्ती ने इस अध्यादेश पर हस्ताक्षर करने में शुरू में हिचकिचाहट दिखाई। उनकी हिचकिचाहट के कारण कुछ दिनों तक संवैधानिक संकट पैदा हो गया था, क्योंकि यह सवाल उठा कि क्या कार्यवाहक राष्ट्रपति कैबिनेट की सलाह को मानने के लिए बाध्य है। हालांकि कुछ दिनों के बाद उन्होंने हस्ताक्षर कर दिए, लेकिन इस घटना ने कार्यवाहक राष्ट्रपति की शक्तियों पर एक बड़ी बहस छेड़ दी। आप कह सकते हैं कि दो बार उपराष्ट्रपति रहे हामिद अंसारी का कार्यकाल काफी हद तक गैर-विवादास्पद रहा, लेकिन उनके कार्यकाल के अंत में दिए गए बयानों ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। एक साक्षात्कार में, उन्होंने कहा कि देश के मुसलमानों में 'असुरक्षा और बेचैनी की भावना' है। इस बयान की सत्ताधारी दल और उसके समर्थकों ने तीखी आलोचना की।

उन पर एक संवैधानिक पद पर रहते हुए एक राजनीतिक और विभाजनकारी बयान देने का आरोप लगाया गया। इससे पहले भी, गणतंत्र दिवस परेड के दौरान राष्ट्रगान के समय ध्वज को सलामी न देने पर उनकी आलोचना हुई थी। बाद में यह स्पष्ट किया गया कि प्रोटोकॉल के अनुसार, केवल राष्ट्रपति ही सलामी देते हैं और अन्य सभी गणमान्य व्यक्ति केवल सावधान की



मुद्रा में खड़े होते हैं। हालांकि, स्पष्टीकरण के बावजूद यह मुद्दा सोशल मीडिया पर एक विवाद बना रहा। जब तक हामिद अंसारी उपराष्ट्रपति आवास में रहे तब तक वहां पर अनेक लेखकों की किताबों के विमोचन होते रहे। उन्हें लेखकों और विद्वानों से मिलना पसंद था। उन्होंने खुद भी कई किताबें लिखी थीं। वेंकैया नायडू ने 2018 में, राज्य सभा के सभापति के रूप में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। तब विपक्ष ने आरोप लगाया था कि नायडू ने यह निर्णय जल्दबाजी में और सरकार के दबाव में लिया। उनका तर्क था कि प्रस्ताव में पर्याप्त संख्या में सांसदों के हस्ताक्षर थे और इसे स्वीकार कर जांच समिति को भेजा जाना चाहिए था। पर नायडू ने अपने फैसले को यह कहते हुए सही ठहराया कि प्रस्ताव में लगाए गए आरोप 'अस्पष्ट' थे और 'सिद्ध कदाचार' की श्रेणी में नहीं आते थे।

इस फैसले ने न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के बीच संबंधों पर एक तीव्र बहस को जन्म दिया और सभापति की विवेकाधीन शक्तियों को चर्चा के केंद्र में ला दिया। वे बेहद ओजस्वी वक्ता हैं। बहुत खुलकर अपनी बात रखते हैं। उनकी छवि एक 'आंदोलनकारी' की रही। छात्र जीवन में उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की विचारधारा से प्रभावित होकर आपातकालीन संघर्ष में हिस्सा लिया। वे आपातकाल के विरोध में सड़कों पर उतर आए और उन्हें जेल भी जाना पड़ा। वे बेहतरीन मेजबान भी थे। सबसे खूब प्रेम से मिलते-जुलते थे। उपराष्ट्रपति के रूप में भी उनका कार्यकाल शानदार रहा था। वे अपनी बात कहने से कभी पीछे नहीं हटते। वे कभी-कभी किसी सेमिनार में भाग लेते हुए श्रोताओं को कस भी देते हैं जिनकी जुबान चलती रहती थी। अगर इन कुछ उदाहरणों को छोड़ दें तो उप राष्ट्रपति के रूप में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डॉ. जाकिर हुसैन, गोपाल स्वरूप पाठक, आर.वेंकटरमण, शंकर दयाल शर्मा, डॉ. के.आर.नारायणन, कृष्ण कांत, भैरोसिंह शेखावत के कार्यकाल शांति से निकले। अगर देश के पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की बात करें तो उनकी पहल पर ही राजधानी को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) मिला था। डॉ. राधाकृष्णन ने 1958 में देश के तब के प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से इच्छा जताई थी कि राजधानी में कोई इस तरह की जगह बन जाए जिधर पढ़ने-लिखने की दुनिया से जुड़े लोग मिल-बैठ करते रहें। उनकी सलाह नेहरू जी को पसंद आ गई।

उन्होंने बिना देर किए शहरी विकास मंत्रालय को निर्देश दिए कि वह एक प्लाट अलाट करे। तब लोधी गार्डन से सटे 4.76 एकड़ का प्लॉट आईआईसी के लिए अलॉट किया गया। इसका प्लाट मिलने के बाद डॉ. राधाकृष्णन ने आईआईसी को खड़ा करने के लिए वित्त मंत्री डॉ. सी.डी. देशमुख, प्रो. एच.एन. कुंजरू, प्रो. हुमायूं कबीर ( जॉर्ज फर्नांडिस के ससुर), दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के डायरेक्टर डॉ. वीके आरवी राव वगैरह को जोड़ा। कृष्णकांत का उपराष्ट्रपति पद पर रहते हुए 27 जुलाई, 2002 को निधन हो गया था। भैंरो सिंह शेखावत के दौर में उपराष्ट्रपति आवास के गेट आम-खास सब के लिए खुले रहते थे। भैरोंसिंह शेखावत 19 अगस्त 2002 से 21 जुलाई 2007 तक देश के उपराष्ट्रपति रहे। शेखावत जी खुद यारबाश और किस्सागो इंसान थे। उनके पास मिलने वालों की भीड़ कभी कम नहीं होती थी। गर्मागर्म चाय पिलाकर वे अतिथियों से विस्तार से वार्तालाप करते थे। गंभीर राजनीति हो या तनाव के लम्हे, शेखावत हास्य के क्षण खोज लेते थे। बहरहाल, जगदीप धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे का असर अभी कुछ दिनों तक और चलने वाला है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

जयंती पर विशेष
सुरेन्द्र शर्मा



# स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे चन्द्रशेखर 'आज़ाद'

भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानियों में चन्द्रशेखर आजाद का नाम सदा अग्रणी रहेगा। उनका जन्म 23 जुलाई, 1906 को ग्राम भाबरा (जिला झाबुआ, वर्तमान में जिला आलीराजपुर, मध्य प्रदेश) में हुआ था। उनके पूर्वज गांव बदरका (जिला उन्नाव, उत्तर प्रदेश) के निवासी थे; पर अकाल के कारण इनके पिता सीताराम तिवारी भाबरा में आकर बस गये थे। बचपन से ही चन्द्रशेखर का मन अंग्रेजों के अत्याचार देखकर सुलगता रहता था। किशोरावस्था में वे भागकर अपनी बुआ के पास बनारस आ गये और संस्कृत विद्यापीठ में पढ़ने लगे। बनारस में ही वे पहली बार विदेशी सामान बेचने वाली एक दुकान के सामने धरना देते हुए पकड़े गये। थाने में हुई पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आजाद, पिता का नाम स्वतन्त्रता और घर का पता जेलखाना बताया। इस पर बौखलाकर थानेदार ने इन्हें 15 बेंतों की सजा दी। हर बेंत पर ये 'भारत माता की जय' बोलते थे। तब से ही इनका नाम 'आजाद' प्रचलित हो गया। आगे चलकर आजाद ने सशस्त्र क्रान्ति के माध्यम से देश को आजाद कराने वाले युवकों का एक दल बना लिया। भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु, बिस्मिल, अशफाक, मन्मथनाथ गुप्त, शचीन्द्रनाथ सान्याल, जयदेव आदि उनके सहयोगी थे। आजाद तथा उनके सहयोगियों ने नौ अगस्त, 1925 को लखनऊ से सहारनपुर जाने वाली रेल को काकोरी स्टेशन के पास रोककर सरकारी खजाना लूट लिया। यह अंग्रेज शासन को खुली चुनौती थी, अतः सरकार ने क्रान्तिकारियों को पकड़ने में पूरी ताकत झोंक दी। पर आजाद को पकड़ना इतना आसान नहीं था। वे वेश बदलकर क्रान्तिकारियों के संगठन में लगे रहे। 17 दिसम्बर, 1928 को इनकी प्रेरणा से ही भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु आदि ने लाहौर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के ठीक सामने सांडर्स को यमलोक पहुंचा दिया। अब तो पुलिस बौखला गयी; पर क्रान्तिवीर अपने काम में लगे रहे। कुछ समय बाद क्रान्तिकारियों ने लाहौर विधानभवन में बम फेंका। यद्यपि उसका उद्देश्य किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं था। बम फेंककर भगतसिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने आत्मसमर्पण कर दिया। उनके वीरतापूर्ण वक्तव्यों से जनता में क्रान्तिकारियों के प्रति फैलाये जा रहे भ्रम दूर हुए। दूसरी ओर अनेक क्रान्तिकारी पकड़े भी गये। उनमें से कुछ पुलिस के अत्याचार न सह पाये और मुखबिरी कर बैठे। इससे क्रान्तिकारी आन्दोलन कमजोर पड़ गया। केन्द्रीय असेंबली में बम चन्द्रशेखर आज़ाद के ही सफल नेतृत्व में भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त ने 8 अप्रैल, 1929 को दिल्ली की केन्द्रीय असेंबली में बम विस्फोट किया। यह विस्फोट अंग्रेज़ सरकार द्वारा बनाए गए काले क़ानूनों के विरोध में किया गया था।

आज़ाद को 28 मई 1930 को भगवती चरण वोहरा की बम-परीक्षण में हुई शहादत से भी गहरा आघात लगा था। इसके कारण भगत सिंह को जेल से छुड़ाने की योजना भी खटाई में पड़ गयी थी। भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु की फांसी रुकवाने के लिए आज़ाद ने दुर्गा भाभी को गांधीजी के पास भेजा, जहां से उन्हें कोरा जवाब दे दिया गया था। वह 27 फरवरी, 1931 का दिन था। पुलिस को किसी मुखबिर से समाचार मिला कि आज प्रयाग के अल्फ्रेड पार्क में चन्द्रशेखर आजाद किसी से मिलने वाले हैं। पुलिस ने समय गंवाये बिना पार्क को घेर लिया। आजाद एक पेड़ के नीचे बैठकर अपने साथी की प्रतीक्षा कर रहे थे। जैसे ही उनकी निगाह पुलिस पर पड़ी, वे पिस्तौल निकालकर पेड़ के पीछे छिप गये। कुछ ही देर में दोनों ओर से गोली चलने लगी। इधर चन्द्रशेखर आजाद अकेले थे और उधर कई जवान। जब आजाद की पिस्तौल में एक गोली रह गयी, तो उन्होंने देश की मिट्टी अपने माथे से लगायी और उस अन्तिम गोली को अपनी कनपटी में मार लिया। उनका संकल्प था कि वे आजाद ही जन्मे हैं और मरते दम तक आजाद ही रहेंगे। उन्होंने इस प्रकार अपना संकल्प निभाया और जीते जी पुलिस के हाथ नहीं आए। आजाद के बलिदान की खबर जनता को लगी सारा, प्रयागराज अलफ्रेड पार्क में उमड़ पड़ा। जिस वृक्ष के नीचे आजाद शहीद हुए थे, लोग उस वृक्ष की पूजा करने लगे। वृक्ष के तने के इर्द-गिर्द झण्डियां बांध दी गयीं। लोग उस स्थान की माटी को कपड़ों में शीशियों में भरकर ले जाने लगे। समूचे शहर में आजाद के बलिदान की खबर से जबरदस्त तनाव हो गया। लोग सडकों पर आ गये।अगले दिन आजाद की अस्थियां चुनकर युवकों का एक जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में इतनी ज्यादा भीड़ थी कि प्रयागराज की मुख्य सडकों पर जाम लग गया। ऐसा लग रहा था जैसे प्रयागराज की जनता के रूप में सारा हिन्दुस्तान अपने इस सपूत को अंतिम विदाई देने उमड़ पड़ा हो।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है। अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### यातायात नियमों के पालन नहीं करने से बढ़ी सड़क दुर्घटनाएं

देश में हररोज सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं हो रहीं है। इन दुर्घटनाओं में अक्सर चालक की मौत हो जाती है। तेज गति से वाहन चलाने से अनियंत्रित होकर गाड़िया डिवाइडर या सामने वाली गाड़ियों से भिड़ जाती है। जिसमें चालक सहित गाड़ी में बैठने वालो की मौत हो जाती है। यातायात नियमों का पालन नही किया जा रहा है। नशे में वाहन चलाने वालों की संख्या में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह चोंकाने वाली बात है कि पढ़ा लिखा शिक्षित वर्ग भी इससे अछूता नही है। नेशनल हाइवे पर तेज गति वाहन चालक अनियंत्रित होकर गाड़िया सड़क के बाहर निकल जाती है या सामने वाले से भिड़ जाती है। उससे घटना स्थल पर मौत हो जाती है। यह दृश्य रोज देखने मिलता है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### लोकतंत्र के प्राण



संसद लोकतंत्र का पवित्र मंदिर है। विकास और जनकल्याण के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा ही लोकतंत्र के प्राण हैं। लेकिन विपक्ष ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन नहीं किया और साथ ही देश के करोड़ों किसानों का भी अनादर किया।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### 'ओडीएफ प्लस' आदर्श ग्राम



देश के लगभग 80 प्रतिशत गांवों ने 'ओडीएफ प्लस' आदर्श ग्राम का दर्जा हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता और स्वच्छ गांवों के निर्माण में जमीनी स्तर के शासन की परिवर्तनकारी शक्ति को दर्शाती है।
-सीआर पाटिल, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री

### छात्रों को लैपटॉप



दिल्ली सरकार ने छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 1,200 छात्र-छात्राओं को सरकार निःशुल्क लैपटॉप प्रदान करेगी।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### फिल्म ही असली सुपरस्टार



अब समय आ गया है कि बॉलीवुड सितारे अपनी पीआर टीमों के माध्यम से खुद को नंबर 1 या नंबर 2 कहना बंद करें... अब हम स्वीकार करें कि केवल फिल्म ही असली सुपरस्टार है... बॉक्स ऑफिस पर गदर बनाएं क्योंकि यही मायने रखता है।
-अमीषा पटेल, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# गीता गोपीनाथ हार्वर्ड विश्व-विद्यालय में पुन: देंगी सेवाएं

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में प्रथम उप प्रबंध निदेशक भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा कि वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र की प्रोफेसर के रूप में पुनः सेवाएं देंगी।



आईएमएफ के इतिहास में पहली मुख्य महिला अर्थशास्त्री गोपीनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आईएमएफ में लगभग सात अद्भुत वर्षों के बाद मैंने अपनी शैक्षणिक जड़ों की ओर लौटने का फैसला किया है।' गोपीनाथ एक सितंबर को हार्वर्ड के अर्थशास्त्र विभाग में अर्थशास्त्र की प्रथम 'ग्रेगरी और एनिया कॉफी प्रोफेसर' के रूप में फिर से सेवाएं देंगी। उन्होंने कहा कि वह आईएमएफ में बिताए गए समय के लिए 'वाकई आभारी'' हैं। वह आईएमएफ में पहले मुख्य अर्थशास्त्री थीं और फिर उन्होंने प्रथम उप प्रबंध निदेशक के रूप में सेवाएं दीं। उन्होंने कहा कि अभूतपूर्व चुनौतियों के दौर में आईएमएफ के लिए काम करना जीवन में एक बार मिलने वाला मौका है। उन्होंने कहा, 'अब मैं अकादमिक जगत में अपनी जड़ों की ओर लौट रही हूं, जहां मैं वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्त और समष्टि अर्थशास्त्र में अनुसंधान को आगे बढ़ाने तथा अर्थशास्त्रियों की अगली पीढ़ी को प्रशिक्षित करने के लिए तत्पर हूं।'

## ऑफ बीट

# गोआना की त्वचा के नीचे अस्थि प्लेट का पता चला

मॉनिटर लिजर्ड, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया में गोआना भी कहा जाता है, इस महाद्वीप के सबसे अनोखी सरीसृपों में से एक हैं। इनका वंश न केवल उस सामूहिक



विलुप्ति से बच गया जिसने डायनासोर को समाप्त किया, बल्कि उससे पृथ्वी पर सबसे बड़ी जीवित छिपकली आईं। लिनियन सोसाइटी की जूलॉजिकल जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन में उनकी त्वचा के नीचे की जांच की गई है। त्वचा जीवित रहने के लिए एक आवश्यक अंग है। कुछ जानवरों में, इसमें त्वचा के ऊतकों के बीच धंसी हुई अस्थि प्लेट की एक परत होती है। मगरमच्छों या आर्मडिलो में कवच जैसी प्लेट के बारे में सोचें: ये ऑस्टियोडर्म हैं। इनका आकार सूक्ष्म से लेकर विशाल तक होता है, जिसमें स्टेगोसॉरस की पीठ की प्लेट सबसे प्रभावशाली उदाहरण हैं। हम अभी इन रहस्यमयी संरचनाओं को समझना शुरू ही कर पाए हैं। ऑस्टियोडर्म, यानी त्वचा के नीचे स्थित हड्डी जैसी प्लेट, उन प्राणियों की वंशावलियों में पाई जाती हैं जो लगभग 38 करोड़ वर्ष पहले एक-दूसरे से विभाजित हो गई थीं। इसका मतलब यह है कि ये हड्डीनुमा प्लेट स्वतंत्र रूप से विकसित हुई होंगी- ठीक वैसे ही जैसे सक्रिय उड़ना पक्षियों, प्टेरोसॉर और चमगादड़ों में अलग-अलग रूप में विकसित हुआ था।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।



# रोग रहित होने का संदेश देता है सवनाही तिहार

परब विशेष
डा. डी. पी. देशमुख

छत्तीसगढ़ में सावन मास का विशेष महत्व होता है क्योंकि प्रमुख पर्वों में हरेली, नागपंचमी, और राखी त्योहार इसी मास में होते हैं। खेती किसानी के श्रम के पश्चात शरीर की थकान मिटाने का इस माह अच्छा अवसर होता है, लेकिन बरसात में कृषि कार्य के दौरान इस मास में वर्षा जनित बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ जाता है। जन मानस में हैजा, मवेशियों में खुरा चपका जैसी बीमारी एवं नकारात्मक शक्तियों के प्रबल हो जाने से अन्य कई प्रकोप से पूरा गांव प्रभावित हो जाता है। इन विषम परिस्थितियों के उपचार हेतु सुरक्षा की दृष्टि से जन धन के बचाव हेतु ग्रामीण देवी देवताओं की आराधना के लिए सवनाही तिहार मनाने की



परम्परा है। आषाढ़ मास के अंतिम शनिवार या रविवार के पूर्व गांवों में सवनाही तिहार मनाया जाता है। इस दिन गांव का बैगा रात्रि के अंतिम पहर में ग्राम प्रधान एवं अन्य प्रमुख लोगों के साथ गांव के प्रवेश द्वार जिसे डीही भी कहते हैं, यहां ग्राम्य देवी देवताओं की पूजा प्रातः होने से पहले की जाती है। इसे सवनाही बरोना भी कहा जाता है। इस विधान के लिए नींबू , बंदन, इक्कीस तीन रंग का सा छोटा ध्वज, नारियल, खड़ाऊ, नागर नास, हूम धूप और अंडा आदि सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। तीन रंगों के ध्वज में काला रंग काली माई के लिए, सफेद शीतला माता और लाल रंग बजरंग बली के सम्मान में चढ़ाने का रिवाज है। विधि विधान से पूजा कर सभी गांव वापस आ जाते हैं। गांव का कोटवार हाका पारकर इत्तिला करता है कि ग्रामवासी के लिए कौन कौन से कार्य कब तक प्रतिबंधित है और दिनचर्या का कार्य कब से शुरू करना है। गांव घर परिवार के सुख समृद्धि एवं सुरक्षा की दृष्टि से घर के प्रवेश द्वार और बाहरी दीवारों में लोक शैली में पुतरा पुतरी के चित्रण का अंकन कर सुरक्षा का उपाय करते हैं। घर के आंगन को गोबर पानी से लिपाई की जाती है। प्रत्येक गांव में सुविधानुसार पृथक परम्परा देखने की मिलती है। इस त्योहार को मनाने के पीछे गांव को विपत्ति से बचाने का लोक अनुष्ठान है जो जन मानस की आस्था और पुरखों की परंपरा से जुड़ी है।

ऐतिहासिक
डा. रामकुमार बेहार

## वैभव और समृद्धि से भरा रहा प्रसन्न मात्र का शासन काल



महाराजा नरेन्द्र के पश्चात प्रसन्न मात्र ने गद्दी पर बैठा। प्रसन्न का पुत्र महाजयराज तथा पौत्र महासुखदेवराज था। प्रसन्न मात्र ने सोने के सिक्के चलाए थे। सोने के सिक्के किसी भी राज्य के समृद्धि के सूचक होते थे। दक्षिण कोसल उस समय समृद्ध था, यह सिक्कों से प्रमाणित होता है। उड़ीसा में कटक क्षेत्र से लेकर महाराष्ट्र के चांदा तक के क्षेत्र से प्रसन्न मात्र के सोने के सिक्के प्राप्त हुए हैं, जिसमें पेटिका शीर्ष लिपि का प्रयोग हुआ है। सिक्कों के ऊपरी भाग के केंद्र में गरुड़ तथा दोनों किनारों पर शंख और चक्र का अंकन किया गया है। नीचे के भाग में श्रीप्रसन्न मात्र लिखा हुआ है। एक सौ सोलह से अधिक सिक्के प्रसन्न मात्र से मिले हैं। प्रसन्न मात्र ने सरभ और नरेन्द्र की भांति गुप्तों की नाम मात्र की अधीनता स्वीकारी थी। इनका कार्यकाल लगभग 515 से 535 ई. बताई जाती है।

जनजाति विशेष
डा. अरविन्द शर्मा

## दो राज्यों के जन जीवन को स्वीकार करते हैं कलिंगा जाति



गोंड और कंवर की भांति कलंगा भी प्राचीन जाति है। फ़ुलझर राज्य में इस जाति का निवास प्रारंभ से ही रहा है। यद्यपि इस राज्य अन्य आदिवासियों की अपेक्षा इनकी जनसंख्या कम है किन्तु ऐतिहासिक दृष्टिकोण से इस जाति का विशिष्ट स्थान है। भैंना राजवंश द्वारा संस्थापित नवागढ़ में कोल जाति का वर्चस्व था। भैंनो की भीषण पराजय के कारण भैलों और कोल जाति का समूल पलायन हो गया। फलस्वरूप नवागढ़ किले में कलंगा जाति का अधिपत्य हो गया। साय वंशीय गोंड शासन काल में भी इस गढ़ पर कलंगा जाति के जमींदार को मान्यता दी गई थी। सन 1663 ई में नवागढ़ किले का प्रमुख जमींदार कलंगा जाति का प्रमुख प्रधान था, उसने अपने साथियों के साथ फुलझर से लगे सारंगढ़ की सीमा में भारी उपद्रव मचाया था। कालांतर में कलंगा जाति के जमींदारों ने बोड़सरा ग्राम को अपनी जमींदारी का प्रमुख केन्द्र बनाया। सन 1866 में राजा जगसाय के समय में सुंदर सिंह प्रधान को जमीदार बनाया गया जिसके अधिकार में बारह ग्राम था। यह जमींदार परिवार और उनके वंशज आज भी सम्माननीय है और सरल स्वभाव के धार्मिक प्रवृति के हैं।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

# सेर सीधा के महत्व गांव-देहात म

संस्कृति
टीकेश्वर सिन्हा ' गब्दीवाला '

**हमर छत्तीसगढ़ ल धान के कटोरा कहे जाथै। इहां धान के उपज ले ही कोठी-कुरिया छलकथै। धान के पैदावारी ले ही हमर लोक परम्परा, संस्कृति, रस्म-रिवाज, रहन-सहन अउ खान-पान के निर्वहन जुड़े हावै। इही धान ले चाऊर होथै अउ धान के सबले महत्वपूर्ण सहायक फसल दलहन जइसे, राहेर, चना, लाख-लाखड़ी (तिवरा), मूंग, मसूर, उरिद मिलथे, जेकर ले हमर छत्तीसगढ़ के खान-पान जुड़े हावै।' सेर सीधा ' ल साधारण रूप म देखे जाय त, ए एक बहुत ही सामान्य अर्थ देथै- चाऊर अउ दार। व्याकरणिक दृष्टिकोण ले दूनों एक पदार्थवाचक शब्द आय। सामासिक रूप म द्वंद्व समास आय। अब इही चाऊर-दार शब्द ल उलट दिया या कर दिया जाय, तो बनथै- 'दार-चाऊर'। येकर एक अलग ही अउ व्यापक अर्थ होथै।**

हमर छत्तीसगढ़ के गांव-देहात म दार-चाऊर एक दान-दक्षिणा स्वरूप लोक-संस्कृति के चिन्हारी आय। हमर ग्रामीण क्षेत्र म दार-चाऊर के लेवई-देवई के बड़ महत्व हे। ये एक सामाजिक आत्मीक उपहार आय, जइसे कि कोनो गाव म कोनों घर बर-बिहाव या मरिया काम-काज होथय, त घर वाले हर अपन पारा-परोस के लोगन या हिती-पिरोती ल नेवता देथै। अपन सुविधा मुताबिक नेवताय लोगन ल खाये बर घर म सामूहिक रूप म बलाथै, जेन ला ' मांदी ' कहे जाथै। कोनों कारण ले घर वाले हर नेवताय लोगन ल खाय बर नइ बला पाय, त काम-कारज के निपटे ले खुद घर वाले या फेर वोकर करीबी व्यक्ति ह नेवताय लोगन के घर जाथै, अउ हूँद कराथै- ' घर म कोन हो जी...! सुपा लानहू। दार-चाऊर झोंकौ।' नेवताय घर वाले ह तुरते सुपा लाथै। नेवता देवइया हर सुपा म करीबन एक गिलास याने पाव भर चाऊर, ठोमा-अकन दार, थोरिक नून-मिरची, दू-तीन ठन आलू अउ कलेवा म लाड़ू, अरसा अउ बरा-सोंहारी सुपा म मढ़ाथै। ये जम्मो जिनीस लगभग एक मनखे के एक बियारी के भोजन के जिनीस के बरोबर होथै। माने, ये दार-चाँऊर ह वो नेवताय मनखे के भोजन-अस माने जाथै। दार-चाँऊर ह नेवता देवइया याने घरवाले अउ नेवताय पाय मनखे ल प्रसन्नचित्त संतुष्टि के एहसास कराथै। कभू-कभू नइ नेवताय राहँय, तउनो मन ल दार-चाँऊर बाँट दे जाथै। पर आजकल बहुत कम दार-चाँऊर देय-लेय के परम्परा देखेला मिलथै। लगभग ये परम्परा बंद होय के कगार म हावै।

दाँर-चाऊर के देवई-लेवई ह दू मनखे प्राणी अउ घर-परवार ल मया-पिरीत, भाई-बंध, अपनापन अउ एकता जइसे एक मानवीय अउ सामाजिक बंधन ले बाँधथै। येकर ले मनखे ले मनखे के चिन्हारी होथै। हमर गाँव-देहात म एकता बने रहिथे, अउ गाँव के उत्तरोत्तर सामाजिक प्रगति के मार्ग प्रशस्त होथै। अइसना हमर ग्रामीण-अंचल म लोगन के घर म पधारे बाम्हन-बैरागी, भठरी, बसदेवा, गोरखनाथ बाबा अउ अपन कुलगुरू ल घलो दान-दक्षिणा के रूप म दार-चाँऊर भेंटे के बड़ सुग्घर परम्परा हे। इन्ला देय दार-चाँऊर के जिनीस म लोगन अपन इच्छा अउ हैसियत मुताबिक पइसा-कौड़ी घलो भेंट करथैं। सुपा म दार-चाँऊर भेंटे ये बाह्मन-बैरागी, भठरी, बसदेवा, गोरखनाथ बाबा अउ गुरुबाबा ल बड़ श्रद्धापूर्वक पलयगी करथै। ये सबो झन हर दार-चाँऊर शांत चित्त अउ प्रेम पूर्वक दान-चाँऊर रूप भेंटे दक्षिणा ल ग्रहण करत दार-चाँऊर देवइया ल असीस देथैं। इन्ला दार-चाँऊर देय ले लोगन के हिरदय म श्रद्धाभाव पनपथै। मान-सम्मान झलकथै। ये दार-चाँऊर देय के परम्परा ह गाँव म सार्वजनिक पूजा पाठ-ठउर- मंदिर-देवालय म घलो देखे बर मिलथै। इन ठउर म जादातर माईलोगिन मन ही सुपा के जगा थारी म दार-चाँऊर धरके जाथैं, अउ चढ़ाथैं; अउ देवी-देवता के असीस पाथैं। इँकर



दार-चाँऊर म दार, चाऊँर, पइसा, पूजापाठ के जिनीस- नरियर, अगरबत्ती, फूल-पान अउ देवी-देवता के सिंगार के जिनीस रहिथें।

कोनों-कोनों गाँव म अपन नियम-धियम अनुसार जुड़वास दिन, बार के दिन याने, सम्मार अउ बिरस्पत के शीतला मंदिर म दार-चाँऊर चढ़ाय जाथै। अइसने ढंग ले गाँव म तीज-तिहार, धार्मिक, सांसारिक व आध्यात्मिक अनुष्ठान के बेरा म घलो लोगन ले दार-चाँऊर देय-लेय अउ चढ़ाय अबड़ सुग्घर हे। अक्सर कोनों तीज-तिहार के मौका म गाँव के नौकर जइसे, राउत के रउतइन ह देवारी के गोबरधन पूजा के दिन अपन ठाकुर घर हाथा देते बर जाथे, त घर-ठाकुराईन हर वोला दार-चाँऊर देथै। अइसने ढंग ले हमर पहिली तिहार हरेली के दिन नऊ, बरेठ, लोहार मन ह, अपन-अपन ठाकुर के घर 'जोहारे बर आ हन ग.. आ हन जी... आ हन ओ... कका , काकी, भइया भउजी, दीदी जइसे बड़ सुग्घर नत्ता-गोत्ता सोरियावत' जोहारे बर जाथैं। त घर-गृहस्थी अउ खेती-किसानी के गोठ गोठिया लेथैं। घर-मालकिन हर इन्ला दा-चाँऊर भेंट करथैं। ये जम्मो झन हर घर-मालकिन ल तिहार के बधई अउ असीस देवत बड़ खुशी-खुशी बिदा लेथैं।

हमर गाँव-अंचल म दार-चाँऊर भेंट देवई ह बड़ नीक परम्परा आय। अबड़ पुरातन परम्परा आय। समय मुताबिक येकर स्वरूप बदलत गेय हे। येकर ले मनखे म मनखेपना पनपथै। सहयोग के भाव उपजथै। मेल-मिलाप होथै। जाति-धर्म के बंधन ले मनखे ल दूर रखथै। ये दार-चाँऊर के लेवई-देवई ह मालिक अउ नौकर के आपसी प्रेम, सहयोग अउ सेवा भाव लोगन म देखे बर मिलथै, त हम सब कोशिश करन कि दार-चाँऊर या सेर सीधा के नीक-सुग्घर परम्परा चलते राहै। अंचल के हिसाब ले कोनो जगा दार चाऊर त कोनो जगा सेर सीधा केहे जाथे।

आस्था : दिनेश वर्मा

# धार्मिक मान्यता का स्थल श्रीराव देव बरोंडा

हमारी धार्मिक आस्था का महत्व उस समय अधिक हो जाता है, जब किसी देव द्वारा मनोकामना के अनुरूप कार्य पूर्ण हो जाता है। ऐसे ही आस्था का लघु स्थल राजिम और श्यामनगर के मध्य बरोंडा में राष्ट्रीय राज मार्ग 130 सी पर स्थित है ।‌श्रीराव देवता‌ (बाँकी देव) इस परिक्षेत्र के धार्मिक महत्व का स्थल है।श्रीराव को जन-जीवन में जंगल के मालिक व कृषक देव के रूप में मान्यता है। ग्रामीण अपनी पहली फसल श्रीराव देव को अर्पित करते हैं। धार्मिक मान्यता है, कि बाँकी देव कृषकों के फसलों की अप्रत्यक्ष रूप से रक्षा करतें है उनमें दैवीय शक्ति है उनका यह विश्वास आज भी कायम है। श्रीराव के प्रतीक प्रतिमा के साथ नाग देवता का भी प्रतिमा होने के फलस्वरूप इस स्थल पर नाग पंचमी के दिन विशेष श्रृंगार व पूजा का विधान है। ईमली वृक्ष के नीचे नाग देव का दुग्धाभिषेक कर यहां सत्यनारायण का कथा का आयोजन होता है। इस देव स्थल में आजादी के समय पगडंडी व बैलगाड़ी मार्ग था। संभावना है कि वर्ष 1920 के समय धमतरी में गाँधी जी के सभा में सम्मिलित होने इस मार्ग से गये होंगे। इस क्षेत्र के बहुत से देशभक्त ग्रामीण 1921-22 में जंगल सत्याग्रह व झंडा सत्याग्रह में शामिल होने गरियाबंद (मैनपुर) -धमतरी (सिहावा- नगरी ) जिला के सीमा उमरगांव में सम्मिलित होने इस मार्ग से गुजरते समय इस देव स्थल की पृष्ठभूमि की रचना की गई होगी। वास्तव में यह स्थल प्रकृति उपासना का स्थल प्रतीत होता है।




लोक साहित्य
डॉ. पी सी लाल यादव

## लोक में व्याप्त मिथक

लोक साहित्य लोक की आत्मा है। लोक जीवन की धड़कन है। लोक साहित्य लोक मानस की गीता है। गीता जीवन को संबल देती है, चेतना जागृत करती है। छत्तीसगढ़ का लोक साहित्य इससे परे कहां है? लोक साहित्य की हर विधा चाहे वह लोकगीत हो, लोक नाट्य हो या लोक गाथा। लोक पहेली या लोकोक्ति। यह सभी वाचिक परंपराएं लोक जीवन में लोक चेतना जागृत कर संजीवनी का कार्य करती हैं। सुखी और सार्थक जीवन की अनिवार्यता है प्रकृति से तादात्म्य। आज मनुष्य अपने किंचित सुख और स्वार्थ के कारण पर्यावरण का विनाश कर रहा है। हमारी नई पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय है। जल, जंगल और जमीन खतरे में है। नागर समाज इस खतरे को अब समझ रहा है। लोक इसे पहले ही समझ चुका है। युग युग से लोक साहित्य इसके संरक्षण की बात कर रहा है। यह कहीं नहीं लिखा है, पर लोक कंठो



में आज भी गूंज रहा है। लोक माने प्रकृति और प्रकृति माने लोक। दोनों एक दूसरे के पर्याय और पूरक। तभी तो लोक कंठ से झलकता करमा की यह तान आज भी लोक जीवन में चेतना का संचार कर रही है -

बर काटे बईमान, पीपर काटे चंडाल।
मऊरत आमा काटे पापी
जिनगी के कोन हवाल।
झन काटो रुख ल
रोग राई हरे, तोर हरे दुख ल।
हाय रे, हाय झन काटो रुख ल।

चिंहारी : गौकरण मानिकपुरी

# पहिली कार्यक्रम के उद्घोषक ल सूत्रधार या बिदूषक केहे जाए

**पैंतीस चालीस बछर पहिली गांव -गांव मा लीला नाटक के दौर चलय। सावन माह रमायेन मंडली कोति ले स्वशासी रमायेन महीना भर पढ़े जाय , जे में लीला नाटक के पाठ छटई के बूता संघरा चलय। अउ जइसे ही राखी पुन्नी के दिन रमायेन के विसर्जन होतिस, ओकर बिहान दिन पाठ के बटई होवय , मनखे के रुप अउ ओकर पढई लिखई अउ कलाकारी देख के ओला पाठ ला सौंपे।**

तान रोज रतिया सेवन करे के पाछु सब कलाकार मन बाजा रूंजी धर के गांव के गुडी-चौपाल नई ते चरझनिया बने घर मा सकला के आधा रात ले रेसल करें तेन हा महिना डेढ़ महिना चलय। रंगमंच में नाटक में जेन चरितर ऊपर नौटंकी मा भाग लेवईया लोगन के छोड़ अउ कतकोन बूता करें बर आने-आने मनखे के जरुरत पड़य, जेला देख के सबो झन ला बूता नेमे राहय। जइसे बाजा पेंटी बजईया , गणेश सरसति के पाठ करैया , सबके गीत ला झोकईया रागि या कवि , अभिनय करैया मन ला संभरईरया , सिंगार करैया , सीन बनोईया, परदा

उठैया-चढैया ,गियास नइते कंडिल के जलैया बुझैया।

फेर कार्यकरम के चालू करें बर संचालन करे खातिर एक बिसेस आदमी के जरुरत परय ,जेला लोगन मन सूत्रधार या बिदूषक के नाम देवय। जेहा थोरिक ज्यादा पढ़े लिखे अउ बनेच्च अक्कन बात के गियान राखय, अइसने आदमी वा अइसने बूता के जिम्मेवारी देवय। अब जइसे कार्यकरम चालू होवय त



सबले पहिली बाजा-पेटी बैठकी धुन के बाद रागि-कवि दुवारा भक्ति भजन, ओकर बाद सखी मन के नृत्य गान गाइए हो गणपति जग बन्दन जईसन गीत ला देखाय ,फेर सरसति गनेश निकालय, ओकर ले बिदूषक हा पूजा पाठ गोठ-बात अउ कार्यकरम के सफलता बर अरजी बिनती करत मण्डली के जतेक भी मुखिया मनेजर मन के नाव अउ काम ला गा-गा के बतावय, जेला लोगन मन बिदूषक नईते सूत्रधार के नाव देवय ,जे सब्बो बात ला बखान करत दोहा चौपाई, छंद, लावनी, बहरत, सवैया तरज ला गावत मण्डली के पता नाव गांव सब ला बतावय। जेमे देखइया-सुनइया बर अरजी निवेदन करता बिदूषक कुछ अइसन बोलय...

जरा ध्यान दें सुनहु सुजन, मण्डली का पता बताता हूं
*हल्ला गुल्ला यहां न करना, करना बाहर जा करके।
बिडी तम्बाखू यहां न पीना, पीना बाहर जा करके
राम राम कहि-कहि के, सब मिल बजा दिहु ताली

अइसन-अइसन दोहा चौपाई ला बिदूषक दुवारा गाए जाय अउ लीला नाटक के शुरुवात करे जाय।

फेर अब नवा-नवा तकनीक संसाधन अउ मनोरंजन के आनी बानी तरीका आय के सेति लीला नाटक के मंचन कम होगे हे या नंदागे अइसन कहना अब अतिश्योक्ति नई हे। झेला मंच संचालक एंकर या उद्घोषक बोले जाथे। जेकर दूवारा कार्यकरम के शुरुच मा मंच के एक तीर काऊन्टर बक्सा करा संचालन करे के बूता करे जाथे ।



## सोशल मीडिया पर स्टार बन चुकी है ये बच्ची

**नई दिल्ली।** देवथा सीरियल स्टार मां चैनल का एक सुपरहिट शो रहा है, जिसमें छोटी बच्ची 'देवम्मा' का किरदार सबको बहुत पसंद आया था। अहाना बर्फी ने इस शो में प्यारा सा किरदार निभाया था, शो में उन्होंने अपने टैलेंट से सभी का दिल जीता था। अहाना ने ज्यादातर इमोशनल सीन में अपनी एक्टिंग से गहरी छाप छोड़ी है, हालांकि, देवथा सीरियल के बाद वह तेलुगु टीवी सीरियल्स में नजर नहीं आईं। लेकिन सोशल मीडिया पर वह पहले काफी एक्टिव रही हैं। अहाना बर्फी के इंस्टाग्राम पर करीब 4 लाख फॉलोअर्स हैं। माना जाता है कि वह किसी भी किरदार को अपनी एक्टिंग से खास बना सकती हैं। यही वजह है कि वह टीवी की दुनिया में धाक जमाए हुए हैं। अहाना बर्फी का जन्म 20 जनवरी को हुआ था, खबर है कि इन दिनों वह पढ़ाई में बिजी हैं और इसी वजह से एक्टिंग से थोड़ी दूरी बनाए हुए हैं।

# आप जैसा कोई के निर्देशक को कहा पागल

एजेंसी ▶▶ मुंबई



दंगल गर्ल फातिमा सना शेख इन दिनों अपनी फिल्म आप जैसा कोई को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें फिल्म की शूटिंग के दौरान की हैं। तस्वीरों में वह फिल्म आप जैसा कोई के निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं। सना ने विवेक के लिए एक लंबी पोस्ट लिखी है और उन्हें पागल कहा है। फातिमा सना शेख ने जो तस्वीरें शेयर की हैं वह फिल्म 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें हैं। इनमें देखा जा सकता है कि वह निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए विवेक सोनी की तारीफ की है और लिखा है 'अपनी रोजाना की सेल्फी से लेकर तुम्हारे अलग अंदाज को मैं अभी भी नहीं समझ पाई।' फातिमा सना शेख ने आगे लिखा 'तुम्हारे साथ काम करना एक सफर जैसा है। तुम बॉलीवुड के चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया हो। (मुझे अब भी नहीं पता कि तुम कैसे हर गाना, हर दृश्य याद रखते हो, तुम पागल हो।)' आपमें साधु जैसी शांति है। फिल्म में मुझे मधु बनाने के लिए और उस पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। तुम्हारी जादू वाली दुनिया का हिस्सा बनना बहुत अच्छा रहा। आपको बता दें कि फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है।

# बॉबी देओल की फिल्म बंदर का टीआईएफएफ में होगा प्रीमियर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म बंदर (बंदर पिंजरे में) का आगामी टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में विश्व प्रीमियर होने वाला है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। टोरंटो अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कनाडा में 4 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होने वाला है। यहां इसे दिखाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप कर रहे हैं। बॉबी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। बॉबी देओल ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि एक छोटे कमरे में कई लोग सो रहे हैं। इन सबके बीच बॉबी देओल चिंता में बैठे हुए हैं। कमरे की दीवार पर लोगों के कपड़े टंगे हैं। इसी कमरे में कई बर्तन भी रखे हैं। पोस्ट शेयर करते हुए बॉबी देओल ने जो टैग्स लगाए हैं, उसके मुताबिक फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा भी नजर आ सकती हैं।

# 25 जुलाई को रिलीज होगा वॉर-2 का ट्रेलर



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी है कि 'वॉर 2' का मच अवेटेड ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की रिलीज डेट बताते हुए मेकर्स की ओर से एक पोस्ट शेयर की गई, जिसमें एक ऋतिक और जूनियर एनटीआर का एक पोस्टर शेयर किया गया है। इस पोस्टर पर ही ट्रेलर की रिलीज डेट लिखी है। इसके साथ ही लिखा है, '2025 में भारतीय सिनेमा के दो आइकन अपने सिनेमा के सफर के 25 साल पूरे कर रहे हैं। वॉर 2 यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म के जरिए जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं।

## OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL) AU&PC, CSPGCL

**Shed No. 02, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com**

No. 03-15/W/553 Raipur, date: 17.07.2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EDC/AU&PC/DSPM-KE/W/2025/32 | Transportation of ash and filling in Manikpur open cast mines from ash silo of 2x250 MW of DSPM-TPS CSPGCL Korba East. | 95.92 Lacs | 96,000/- | 03 Months | 8100043834 |
| 2 | EDC/AU&PC/ABVTPS-MRW/W/2025/39 | Transportation of Ash to NHAI-Road Project upto a lead of 300 Km from Ash Dyke of 2x500 MW ABVTPS Marwa | 828.18 Lacs | 5,00,000/- | 03 Months | 8100044987 |
| 3 | EDC/AU&PC/ABVTPS-MRW/W/ 2025/ 41 | Utilization of ash by filling in low lying area near 220/132/33 KV substation Bemetara CSPTCL from Auraikala ash dyke/silo/dump area of ABVTPS, CSPGCL, Marwa. | 591.52 Lacs | 5,00,000/- | 03 Months | 8100045010 |

Cost of tender form is Rs. 885/- (Rs.750/- + 18% GST) for Sl. No. 1 and Rs. 1180/- (Rs.1000/- + 18% GST) for Sl. No. 2 & 3. The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 06.08.2025 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 08.08.2025 (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj /portal.

Note:- (i) The L-1 bidder shall be decided on overall cost to company basis including GST.(ii)In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder.(iii)Maintenance period for the work shall be Nil for Sl. No. 1 & 2 and 12 months for Sl. No. 3.

Addl. Chief Engineer (Civil)
O/o Executive Director (Civil) AU&PC, CSPGCL, Raipur

SAVE ELECTRICITY

# संजय को सन ऑफ सरदार 2 में काम नहीं करने का अफसोस



**मुंबई।** अजय देवगन अपनी अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनकी इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्शन हीरो अजय देवगन के फैंस इस पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। ऐसे में संजय दत्त ने इस फिल्म के लिए अजय देवगन को बधाई दी है और पोस्ट में दिल की बात लिखी है। 'सन ऑफ सरदार 2 के लिए आपको बधाई राजू, अगर इसे हम एकसाथ करते तो और भी मजा आता।' संजय दत्त की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'बाबा तीसरे पार्ट में आप को ही होना चाहिए।' एक और यूजर ने लिखा है 'इसमें बाबा को होना चाहिए था। मैं तुम्हें पसंद करता हूं बाबा।' एक और यूजर ने लिखा है 'अब आप खलनायक वाले रोल में आओगे।'

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, साहेबगंज

**शुद्धि पत्र**

पी0आर0 नं0– 356762 Building(25-26)_D के माध्यम से आमंत्रित Construction of JSFC Godown 1000 MT at Rajmahal, Barhait and Pathna के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना में निम्न संशोधन किया जाता है।

**e – Tender reference no. BCD, SAHIBGANJ/08F2/2025-26** **Date- 05.07.2025**

| क्र0 सं0 | बेबसाइट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई–निविदा खोलने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 25.07.2025 4:00 PM | 07.08.2025 4:00 PM | 08.08.2025 4:00 PM | 11 माह |

शेष निविदा की शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, साहेबगंज

PR 357869 Building(25-26)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची।

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

टेन्डर रेफरेंस नं0–प0नि0वि0/राँची–21/2025–26

दिनांक :– 22.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | अरगोड़ा (पुराना अरगोड़ा चौक) (MDR-018 पर) से नया सराय (रिंग रोड) (MDR-013 पर) भाया पुन्दाग पथ (कुल लम्बाई–6 .175 कि0मी0) के चार लेन में निर्माण (पुल निर्माण सहित) कार्य वर्ष 2025–26. |
| 2. | प्राक्कलि राषि (रू0 लाख में) | रू0 3104.12750 लाख (रूपये इकतीस करोड़ चार लाख बारह हजार सात सौ पचास रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राषि (रू0 लाख में) | रू0 31.05 लाख (रूपये इकतीस लाख पांच हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 14 (चौदह) माह |
| 5. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 24.07.2025 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 18.08.2025 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा खोलने तिथि/ समय | 19.08.2025 12.30 बजे |
| 8. | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल राँची, मोहराबादी, राँची–834008 |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2401010 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे ***Tender Online Upload*** में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव ***http://jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए ***UCAN*** निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्ते के लिए वेबसाईट ***http://jharkhandtenders.gov.in*** पर देखें।

PR 357935 Road Construction Dept Road Division Ranchi(25-26)D

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3 वेतन योग्यतनुसार (आवास फ्री PF +ESIC) **संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016,** (RO-074)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** साड़ी शो-रूम हेतु सेल्समैन, सेल्सगर्ल, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं ड्राइवर (लोकल निवासी) आदि आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क करें। **विरदी साड़ी कंकाली पारा रायपुर- 9425522577, 9340477419.**(RO-7381)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड कपड़े के शोरूम में सेल्समैन / सेल्सगर्ल, हेल्पर (मेल / फिमेल), कैशियर, लेडिस टेलर, की आवश्यकता है। **संपर्क करे:- क्लॉथ मार्केट, पंडरी, रायपुर 8839347662.** (RO-397)

### दुकान कार्य

| क्रं. | नाम मकान मालिक का मय वल्दियत | खसरा नं. | मकान का निर्मित क्षेत्र (वर्गमीटर / हेक्टेयर में) | भवन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | दुकालू राम पि. चिमन सिंह गोड़ | 525 का तुकड़ा | 169.28/0.016 | कच्चा |
| 2 | राधेलाल पि. चैनसिंह हल्बा | 525 का तुकड़ा | 174.99/0.017 | कच्चा |
| 3 | अंकालू राम पि. गौतरिह गोड़ | 525 का तुकड़ा | 216.83/0.021 | कच्चा |
| 4 | मुनी राम पिता सोनू राम हल्बा | 423 का तुकड़ा | 168.55/0.016 | कच्चा |
| 5 | सदाराम पि. थनवार तेली | 525 का तुकड़ा | 296.05/0.029 | कच्चा |
| 6 | जागेश्वर पिता झुमुक लाल तेली | 529 का तुकड़ा | 203.97/0.020 | अर्धपक्का |
| 7 | सुनउराम पि. सुकलाल हल्बा | 529 का तुकड़ा | 205.56/0.020 | कच्चा |
| 8 | शिवकुमार पि. प्रेमसिंह हल्बा | 525 का तुकड़ा | 183.04/0.018 | कच्चा |
| 9 | प्रेमसिंह पि. घनाराम हल्बा | 529 का तुकड़ा | 241.75/0.024 | कच्चा |
| 10 | दरबार सिंह पि. सुन्दर सिंह हल्बा | 525 का तुकड़ा | 161.54/0.016 | कच्चा |
| 11 | कोमलसिंह पिता गिरवर सिंह गोड़ | 424/1 का तुकड़ा | 46.61/0.004 | कच्चा |
| 12 | रामसाय पि. अंनदी राम | 520 का तुकड़ा | 166.98/0.016 | कच्चा |

**उपअभियंता / सहायक अभियंता**

**अनुविभागीय अधिकारी मटियामोती नाला नहर, उपसंभाग क्र. 3 सम्बलपुर (छ.ग.)**

**कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग बालोद (छ.ग.)**

G-252602324/2

**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement Notice**

e-Tender Reference No.:-**RCD/EMPANELMENT/01/2025-26** Dated **21.07.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | **Invitation of Application for Empanelment of Consultants under Category-I for three Years in Road Construction Department Jharkhand Ranchi.** |
| 2- | Cost of Tender Document (Application Fee) | **Cost of Tender Document** - Rs 35,000/- (Rupees Thirty five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document (Application fee) will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 3- | Date and Time of Publishing of Notice (RFP) on official website | 24.07.2025, 05.00 PM |
| 4- | Last date and Time of submission of Bid (With Application Fee) | 14.08.2025, 12.30 PM |
| 5- | Date and Timing of Bid opening | 18.08.2025, 12.30 PM |
| 6- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-8051090751 |
| 7- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department,Ranchi**

PR 357894 (Road) 25-26 (D)

**QUOTATION NOTICE NO. 4**

**Name of Work:-** Sealed and subscribed quotation are invited by the Executive Engineer, North Mumbai Division - Andheri, Mumbai for Supplying furniture for the New Integrated High Court Complex at Bandra Government Colony, CTS No. 629/1234/A, Bandra (East), Mumbai. So as to reach this office on or before Date 23/07/2025 To 30/07/2025 Opening Date 31/07/2025 to 2.00 P.M. and will be opened on the same day if possible.

| It. No. | Description of Services to be provided | Quantity | Unit | Quoted Rate | Remark |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Office Desk - Overall Size: 2400Wx2330Lx770H mm. Supplying, and placing in position of table | 1 | Nos. | | |
| 2 | Model: Office Desk Overall Size: 2400Wx2330Lx770H mm. Supplying, and placing in position of table | 1 | Nos. | | |
| 3 | Model: Premium Leatherette Chair, High Back Dimension: 655Wx500Dx1230H mm. Supplying, and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 4 | Model: Premium Leatherette Chair, Medium Back Dimension: 555Wx500Dx1105H mm. Supplying, and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 5 | Model: Premium Leatherette Chair, High Back Dimension: 640Wx500Dx1210H mm. Supplying, and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 6 | Model: Premium Leatherette Chair, Low Back Dimension: 625Wx490Dx1135H mm. Supplying, and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 7 | Model: Back Unit Size: 2400Wx400Dx1040H mm Supplying, and placing | 1 | Nos. | | |
| 8 | Model Office Table OverallSize: 1800Wx1720Dx750Hmm Supplying and placing | 1 | Nos. | | |
| 9 | Storage Size: 1800Wx450Dx750H mm. Supplying, and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 10 | Model: Office Chair Supplying and placing High Back Chair | 1 | Nos. | | |
| 11 | Model: Office Chair- Supplying and placing Medium Back Chair | 1 | Nos. | | |
| 12 | Model: Office Table Table Size: 1500Wx750Dx750H mm. Supplying and placing | 1 | Nos. | | |
| 13 | Model: Premium Mesh Chair, High Back Chair Dimension: 640Wx670Dx1350H mm. Supplying, and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 14 | Model: Marvel, Premium Mesh Chair, Medium Back Chair Dimension: 640Wx670Dx1100H mm. Supplying, and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 15 | Model: NLF, Herman Miller, Steelcase, Mesh Chair, Medium Back Chair Dimension: 605 Wx575Dx1010H mm. Supplying and placing in position of Fix cantilever chair. | 1 | Nos. | | |
| 16 | Storage Size: 900Wx450Dx1200H mm. Supplying, and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 17 | Supplying and placing in position of sliding tile base modular Workstation of 1200mm(H). Free standing partition height 1200mm With Pedestal Size: 400Wx450DX725H mm. | 1 | Nos. | | |
| a | Workstation Size: 1200Wx600Dx750/1200H mm. | 1 | Nos. | | |
| b | Workstation Size: 1500Lx1500Wx600Dx750/1200H mm. | 1 | Nos. | | |
| 18 | Model: Mesh Chair, Medium Back Chair Dimension: 640Wx670Dx1100H mm. Supplying, and placing in position of medium back 360° degree revolving. | 1 | Nos. | | |
| 19 | Model: Racks Size: 900Wx450Dx2000H mm. Supplying and placing in position of slotted angle rack | 1 | Nos. | | |
| 20 | Compactor Storage System Type of Drive Mechnized Drive Type | 1 | Nos. | | |
| a | SFM (Single Face Movable) Size: 1200Wx450Dx2400Hmm. (1 Bay Compactor) | 1 | Nos. | | |
| b | DFM (Double Face Movable) Size: 1200Wx900Dx2400Hmm. (1 Bay Compactor) | 1 | Nos. | | |
| c | SFF (Single Face Fixed) Size: 1200Wx450Dx2400Hmm. (1 Bay Compactor) | 1 | Nos. | | |
| 21 | Model: Filing Storage Size: 915Wx480Dx1980H mm. Supplying, and placing in position of modular garner filing storage body | 1 | Nos. | | |
| 22 | Model: Metro 3 Seater Size: 1820Wx690Dx790H mm. Material: Mild Steel Supplying and Placing in Position of three seater waiting area chair | 1 | Nos. | | |
| 23 | Model: Metro 2 Seater Size: 1200Wx690Dx790H mm. Material: Mild Steel Supplying and Placing in Position of two-seater waiting area chair nixon | 1 | Nos. | | |
| 24 | Model: Leather 3 Seater Sofa in Navy Blue Dimension: (W) 2030mm X (D) 880mm X (H) 880mm Supplying and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 25 | Model: Leather 2 Seater Sofa in Navy Blue Dimension: (W) 1600mm X (D) 880mm X (H) 880mm Supplying and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 26 | Model: Leather 1 Seater Sofa in Navy Blue Dimension: (W) 1050mm X (D) 880mm X (H) 880mm Supplying and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 27 | Model:Leatherette Sofa 3 Seater Dimension: 1760Wx720Dx845H mm. Supplying and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 28 | Model: Leatherette Sofa 2 Seater Dimension: 1200Wx720Dx845H mm. Supplying and placing in position. | 1 | Nos. | | |
| 29 | Model: Leatherette 1 Seater Sofa Dimension: 640Wx720Dx845H mm. Supplying and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 30 | Model: Solid Wood Coffee Table Size: 1200Wx600Dx460H mm. Supplying and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 31 | Model: Solid Wood Side Table Size: 650Wx500Dx460H mm. Supplying and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 32 | Model: Solid Wood Coffee Table Size: 1150Wx550Dx450H mm. Supplying and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 33 | Model: Solid Wood Side Table Size: 580Wx450Dx450H mm. Supplying, and placing in position. | 1 | Nos. | | |
| 34 | Model: 3 Seater Sofa in Pecan Beige Dimension: (W) 1900mm X (D) 930mm X (H) 890mm Supplying and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 35 | Model: 2 Seater Sofa in Pecan Beige Dimension: (W) 1400mm X (D) 930mm X (H) 890mm Supplying and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 36 | Model: 1 Seater Sofa in Pecan Beige Dimension: (W) 930mm X (D) 930mm X (H) 890mm Supplying and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 37 | Model: Leatherette 3 Seater Sofa Dimension: (W) 2000mm X (D) 940mm X (H) 895mm Supplying and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 38 | Model: Leatherette 2 Seater Sofa Dimension: (W) 1410mm X (D) 940mm X (H) 895mm Supplying and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 39 | Model: Leatherette 1 Seater Sofa Dimension: (W) 830mm X (D) 940mm X (H) 895mm Supplying and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 40 | Model: NLF, Herman Miller, Steelcase, Solid Wood Coffee Table Size: 1130Wx630Dx410H mm. Supplying, and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 41 | Model: Solid Wood Side Table Size: 680Wx530Dx450H mm. Supplying, and placing in position | 1 | Nos. | | |
| 42 | Model: Office Desk Size: 1200Wx600Dx750H mm. Supplying and placing in position of office desk | 1 | Nos. | | |
| 43 | Model: Medium Back Chair Dimension: 640Wx670Dx1100H mm. Supplying, and placing in position of medium back 360° degree revolving. | 1 | Nos. | | |
| 44 | Model: Mesh Chair, Medium Back Chair Dimension: 605Wx575Dx1010H mm. Supplying, and placing in position of Fix cantilever chair. | 1 | Nos. | | |
| 45 | Model: Judge Table Type 1 Size: 3600Wx900Dx750H mm. | 1 | Nos. | | |
| 46 | LeatherSignature Chair in Black Dimension (W)700mmX (D)700mmX(H)1120mm | 1 | Nos. | | |
| 47 | Model: High Back Revolving Chair high back 360° degre revolving chair | 1 | Nos. | | |
| 48 | Model: Medium Back Revolving Chair* medium back 360° degre revolving chair | 1 | Nos. | | |
| 49 | Model: Leatherette Chair, Low Back Dimension: (W) 470mm X (D) 400mm X (H) 890mm Seating Height: 490mm, Seat depth: 400mm, Back Height: 400mm | 1 | Nos. | | |

**Note:- 1. The rates should be quoted by excluding GST.**
**2. These rates are only for estimate purpose.**
**3. All items mentioned above shall be Approved Makes - NLF, Herman Miller, Steelcase**
**4. All item-wise details have been published online on the https://mahatenders.gov.in Please refer to these details and quote your rates accordingly.**

The suppliers/ contractors/ firms/ should ensure that their quotation to submitted on or before the expiry of the date and time. This office on account of any cause will be entertained for the late receipt of the tenders / quotations will accept no delay.

The rates for the said work are to be quoted by the company having 10 to 15 years of experience otherwise the rates will not be considered. Right to reject any one or all quotation is reserved by the undersigned.

**No.EE/NMD/ 4983 of 2025**
**Office of the Executive Engineer,**
**North Mumbai (P.W.) Division,Dadabhai Road, Near Bhavan's College, Andheri (West), Mumbai - 400 058.**
**Date:- 16 JUL 2025**

**sd/-**
**Executive Engineer,**
**North Mumbai (P.W.) Division,**
**Andheri (West), Mumbai**

DGIPR-2025-26/1778

# टेस्ट क्रिकेट में इन बल्लेबाजों ने पहली बार में ही ठोक डाले तिहरे और दोहरे शतक

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाना किसी भी बल्लेबाज के लिए बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जाता है। यही कारण है कि अब तक विश्व क्रिकेट में गिनती के ही बल्लेबाजों ने ये मुकाम हासिल किया है। हालांकि, इनमें से कुछ ऐसे प्रतिभाशाली बल्लेबाज भी हुए हैं, जिन्होंने अपनी पहली ही शतकीय पारी को तिहरे शतक में तब्दील किया है। वहीं भारतीय खिलाड़ियों में दिलीप सरदेसाई, विनोद कांबली और मयंक अग्रवाल दोहरे शतक ठोक चुके हैं।



### गैरी सोबर्स

**(365* रन बनाम पाकिस्तान, 1958)**

वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर गैरी सोबर्स ने 1958 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में अपना पहला शतक लगाया था। किंग्स्टन में खेले गए उस मैच में सोबर्स ने अपनी पहली पारी में नाबाद 365 रन बनाए थे और उनकी बदौलत कैरेबियाई टीम ने अपनी पहली पारी 790/3 के विशाल स्कोर पर घोषित की थी। आखिर में वेस्टइंडीज ने वो टेस्ट पारी और 174 रन से जीता था। सोबर्स ने अपने टेस्ट करियर में कुल 26 शतक लगाए थे।



### करुण नायर

**(303* रन बनाम इंग्लैंड, 2016)**

भारतीय टीम के करुण नायर ने 2016 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में अपने पहले ही शतक को तिहरे शतक में तब्दील किया था। उन्होंने 381 गेंदों में नाबाद 303 रन बनाए थे। अपनी इस जोरदार पारी में उन्होंने 32 चौके और 4 छक्के लगाए थे। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी को 759/7 के स्कोर पर घोषित किया था। आखिरकार भारत ने वो मैच पारी और 75 रन से जीता था।

### बॉब सिंपसन (311 रन बनाम ऑस्ट्रेलिया, 1964)

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बॉब सिंपसन ने 1964 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ खेले गए टेस्ट में अपना पहला शतक लगाया और अपनी पारी को तिहरे शतक में तब्दील किया था। ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मुकाबले में पारी की शुरुआत करते हुए उन्होंने 743 गेंदों का सामना करते हुए 311 रन बनाए थे। उनकी बदौलत इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी 656/8 के स्कोर पर घोषित की थी। हालांकि, ये मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

### इन भारतीय बल्लेबाजों ने लगाए दोहरे शतक



भारत की ओर से दिलीप सरदेसाई (बनाम न्यूजीलैंड, 1965), विनोद कांबली (बनाम इंग्लैंड, 1993), और मयंक अग्रवाल (बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2019) ही ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने अपने पहले शतक को दोहरे शतक में तब्दील किया था।

---

## खबर संक्षेप

### एसीसी उपाध्यक्ष पद के लिए पाक बेचैन, भारत ने किया बैठक का बायकॉट



**मैनचेस्टर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अपनी जिद पर अड़े रहना भारी पड़ सकता है। उसने बीसीसीआई के खिलाफ जाने का फैसला किया है और उसकी बार-बार की जा रही एक अपील को मान नहीं रहा। ऐसे में अब बीसीसीआई को दूसरे देशों का साथ भी मिल रहा है। श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ जाने का फैसला किया है। बांग्लादेश का दौरा एक साल के लिए स्थगित होने के बाद ढाका में एशियाई क्रिकेट परिषद की इस सप्ताह वार्षिक आम सभा (एजीएम) होनी थी लेकिन बीसीसीआई ने उस बैठक में नहीं शामिल होने का फैसला किया। अब भारत को इस मुद्दे पर श्रीलंका का भी साथ मिला है। बता दें कि इस बैठक में एसीसी उपाध्यक्ष पद का चयन भी होना है। वहीं अफगानिस्तान से भी बीसीसीआई की बात चल रही है। सूत्रों ने बताया कि बीसीसीआई की ओर से बार बार ढाका में एशियाई क्रिकेट परिषद की बैठक नहीं करने को कहा गया है, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी इस पर अड़े हुए हैं और कई तरह की शर्तें रख रहे हैं।

### कार्लोस अल्काराज भी टोरंटो मास्टर्स से हटे



**टोरंटो।** दुनिया के दूसरे नंबर से खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने टोरंटो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है जिससे अमेरिकी ओपन से पहले होने वाली इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता की चमक और फीकी पड़ गई है। इससे एक दिन पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, छठे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने अगले सप्ताह शुरू होने वाली इस हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया था। अल्काराज ने कहा, ''मैं अभी विंबलडन की थकान से उबर रहा हूं। इस कारण टोरंटो मास्टर्स में भाग नहीं ले पाऊंगा।'

---

**चौथा टेस्ट आज से,** एक भी टेस्ट इस मैदान में नहीं जीत सकी है भारतीय टीम

## अग्निपरीक्षा : ओल्ड ट्रैफर्ड में गिल ब्रिगेड उतरेगी जीत का इतिहास रचने, इंग्लैंड सीरीज जीतने लगाएगी दमखम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट आज 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। शुभमन गिल की कप्तानी वाली मेहमान टीम हर हाल में इस मुकाबले को जीतकर सीरीज में बराबरी करने का प्रयास करेगी वहीं ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में टेस्ट जीतकर इतिहास रचेगी। वहीं इंग्लैंड की टीम इस मैच को जीतकर सीरीज पर कब्जा जमाने की पुरजोर कोशिश करेगी। भारत के लिए यही टेस्ट मैच अहम है क्योंकि इसी मैच में सीरीज का फैसला होना है। वर्तमान में भारतीय टीम 2-1 से पीछे चल रही है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम का प्रभावशाली प्रदर्शन रहा है और ऐसे में टीम आत्मविश्वास से लबरेज होगी लेकिन टीम को कैसे भी करके यह मुकाबला जीतना है ताकि बराबरी हो सके और अंतिम टेस्ट मैच रोचक हो।



### मैच में पड़ सकता है बारिश का खलल

मैनचेस्टर टेस्ट में बारिश का खलल देखने को मिल सकता है। मैच के पहले और 5वें दिन बारिश की सबसे ज्यादा संभावना है। इन 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस के रहने के उम्मीद है। इस बीच 26 जुलाई को भी बारिश की संभावना है।

### भारत के खिलाफ इंग्लैंड ने जीते हैं ज्यादा मैच

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट 1932 में खेला गया था। दोनों टीमों के बीच अब तक 139 मुकाबले खेले गए हैं। 36 मुकाबलों में भारतीय टीम को जीत और 53 में हार मिली है। 50 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। इंग्लैंड की धरती पर दोनों टीमों ने 70 मैच खेले गए हैं। 10 मैच में भारतीय टीम को जीत मिली है और 38 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। 22 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

### भारत ने नहीं जीता इस मैदान में एक भी टेस्ट



भारत ने इस मैदान पर अब तक 1 भी टेस्ट नहीं जीता है और शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इस बार जीत के साथ नया इतिहास लिखने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड ने यहां अब तक 84 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान टीम को 33 मैच में जीत मिली है। इंग्लैंड को सिर्फ 15 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। उसने यहां 36 मुकाबले ड्रॉ खेले हैं। भारत ने इस मैदान पर 9 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 4 मैच में उसे हार मिली है। इसके अलावा 5 मैच ड्रा रहे हैं। भारत का इस मैदान पर सर्वोच्च स्कोर 432 रन रहा है।

### तेज गेंदबाजों के लिए मददगार है पिच

ऐतिहासिक रूप से ओल्ड ट्रैफर्ड की पिच पर खतरनाक उछाल देखने को मिलता रहा है। यह पिच पारंपरिक रूप से तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती थी। हालांकि, पिछले कुछ समय में यहां की पिच पर बल्लेबाजों के लिए आसानी हुई है। हाउस्टेट के मुताबिक, यहां पहली पारी का औसत स्कोर 324 रन है। इस मैदान पर हासिल किया गया सर्वोच्च लक्ष्य 294 रन है, जो इंग्लैंड ने 2008 में न्यूजीलैंड के खिलाफ किया था।

---

## न्यूजीलैंड की जीत की हैट्रिक दक्षिण अफ्रीका को हराया



एजेंसी ▶▶| हरारे

टिम सीफर्ट के आक्रामक नाबाद अर्धशतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने मंगलवार को त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया। सलामी बल्लेबाज सीफर्ट ने पहले ही ओवर में मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 48 गेंदों पर नाबाद 66 रन बनाकर न्यूजीलैंड को चार ओवर शेष रहते 135 रनों के लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

दक्षिण अफ्रीका को इससे पहले बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने का खामियाजा भुगतना पड़ा। कप्तान रस्सी वैन डेर डूसन (14) का पारी का आगाज करने का फैसला सही साबित नहीं हुआ और उनकी टीम आठ विकेट पर 134 रन ही बना सकी। दोनों टीमें अब 26 जुलाई शनिवार को होने वाले फाइनल में फिर से भिड़ेंगी।

उससे पहले 24 जुनसई बृहस्पतिवार को न्यूजीलैंड के सामने महत्वहीन मैच में मेजबान जिम्बाब्वे की चुनौती होगी। जिम्बाब्वे लगातार तीन मैच हार कर पहले ही खिताबी दौड़ से बाहर है। न्यूजीलैंड की इस श्रृंखला यह दक्षिण अफ्रीका पर दूसरी जीत है। टीम ने इससे पहले 21 रन से जीत दर्ज की थी।

### एरिगैसी-गुजराती होंगे चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में मुख्य आकर्षण



**चेन्नई।** ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती और अनीश गिरी छह अगस्त से यहां शुरू हो रहे चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के मुख्य आकर्षण होंगे। भारत के सबसे प्रतिष्ठित क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट में मास्टर्स और चैलेंजर्स श्रेणियों के 20 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता की इनामी राशि एक करोड रुपए है। मास्टर्स श्रेणी में एरिगैसी, गुजराती और गिरी के अलावा जॉर्डन वान फॉरेस्ट, लियांग अवॉन्डर, विंसेंट कीमर, रे रॉबसन, व्लादिमीर फेडोसेव और प्रणव वी शामिल होंगे।

---

## जिम्बाब्वे के स्क्वॉड में सिकंदर-करन की वापसी, चार खिलाड़ी हुए बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जिम्बाब्वे की टीम जुलाई के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 जुलाई से दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज के लिए जिम्बाब्वे ने अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। जिम्बाब्वे की टीम ने इससे पहले अपना आखिरी टेस्ट सीरीज साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उस सीरीज की तुलना में जिम्बाब्वे की टीम में 4 बदलाव हुए हैं। आपको बता दें कि जिम्बाब्वे की टीम इन दिनों साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के साथ मिलकर टी-20 ट्राई सीरीज खेल रही है।



### जिम्बाब्वे-न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज का शेड्यूल

न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच 30 जुलाई से 03 अगस्त के बीच खेला जाएगा। वहीं दूसरा टेस्ट मैच 7 अगस्त से 11 अगस्त के बीच खेला जाएगा। ये दोनों मुकाबले क्वींस स्पोर्ट्स क्लब बुलावायो में खेला जाएगा। आपको बता दें कि जिम्बाब्वे की टीम इन दिनों साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के साथ मिलकर टी-20 ट्राई सीरीज खेल रही है।

### न्यूजीलैंड सीरीज के लिए जिम्बाब्वे का स्क्वॉड

क्रेग एर्विन (कप्तान), ब्रायन बेनेट, तनाका चिवांगा, बेन करन, ट्रेवर ग्वांडू, रॉय कैया, तनुनुरवा मकोनी, क्लाइव मदांडे, विंसेंट मासेकेसा, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, न्यूमैन न्यामहुरी, सिकंदर रजा, तफदजवा त्सिगा, निकोलस वेल्च, सीन विलियम्स।

---

## बांग्लादेश ने पाक को दूसरे टी-20 में हराया, सीरीज में 2-0 से बनाई बढ़त

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने दूसरे टी-20 मैच में पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 8 रन से हराते हुए सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में मेजबान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जाकेर अली के अर्धशतक (55) की मदद से सभी विकेट खोकर 133 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने निराश किया और टीम 125 रन पर सिमट गई।

### इस तरह से जीती बांग्लादेशी टीम

बांग्लादेश ने 28 रन के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा दिए। मुश्किल घड़ी में जाकेर और मेहदी हसन (33) ने 5वें विकेट के लिए 53 रन जोड़े। जाकेर ने अर्धशतक पूरा करते हुए टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। पाकिस्तान से सलमान मिर्जा, अहमद दानियाल और अब्बास अफरीदी ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में पाकिस्तान ने 15 रन तक 5 विकेट खो दिए। इसके बाद फहीम अशरफ (51) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।

---

## प्रणय पांच मैच प्वाइंट बचाकर अगले दौर में, लक्ष्य सेन बाहर

एजेंसी ▶▶| चांग्झू

भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने पांच मैच प्वाइंट बचाए और एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां जापान के कोकी वतनबे को हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन लक्ष्य सेन फिर से पहली बाधा पार नहीं कर पाए।

विश्व के 35वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने 18वें नंबर के वतनबे के खिलाफ 8-21, 21-16, 23-21 से जीत हासिल की। लक्ष्य का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अच्छी शुरुआत के बावजूद चीन के पांचवें वरीय ली शि फेंग से 21-14, 22-24, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। प्रणय ने मैच के बाद कहा, ''मेरे करियर के इस पड़ाव पर, हर जीत मायने रखती है। मैं टूर पर वापस आकर खुश हूं।



**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk,
RANCHI 834 001, Jharkhand
PH: +91 651 2225878, E-MAIL: juidcolimited@gmail.com/ pdt.juidco@gmail.com CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No.: JUIDCO/TN/RANCHI/O&M - 658 Date: 22.07.2025

**National Competitive Bidding**
**Tender Notice**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | SELECTION OF AGENCY FOR OPERATION AND MAINTENANCE OF TRANSPORT NAGAR, PHASE 1 RANCHI, JHARKHAND FOR 5 YEARS |
| 2. | Mode of submission of bids | Online Tender |
| 3. | Tender Fee & Earnest Money Deposit (EMD) (In INR) – To be submitted online | Cost of Tender Document: Rs. 25,000/- *(Rupees Twenty-Five Thousand) only (Non-refundable)* Earnest Money Deposit (EMD) – Rs. 20,00,000/- *(Rs. Twenty Lakhs Only) only* |
| 4. | Date & Time of Publication of Tender on Website | 23/07/2025 at 11.00 Hrs |
| 5. | Last Date and Time for Submission of Pre-Bid Queries | 30/07/2025 at 17.00 Hrs |
| 6. | Date and Time of Pre-Bid Conference | 01/08/2025 at 12.30 Hrs |
| 7. | Venue of Pre-Bid Conference | 2nd Floor, JUIDCO Bhawan, Near Kutchery Chowk, Ranchi |
| 8. | Last Date & Time of submission of Bid, Tender Fee and EMD online | 13/08/2025 at 17.00 Hrs |
| 9. | Date & Time of Bid Opening | 14/08/2025 at 16.00 Hrs |
| 10. | Address of Bid Inviting Authority | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001 |
| 11. | Helpline no. | + 91 651-2225878 |

**Note: Only e-tender will be accepted**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website https://jharkhandtenders.gov.in **Sd/-**
**Project Director (Technical)**
**JUIDCO Ltd. Ranchi.**
PR 357922 (Urban Development) 25-26 (D)

**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement Notice**

e-Tender Reference No.:-RCD/EMPANELMENT/03/2025-26 Dated 21.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | **Invitation of Application for Empanelment of Consultants under Category-III for three Years in Road Construction Department Jharkhand Ranchi.** |
| 2- | Cost of Tender Document (Application Fee) | **Cost of Tender Document** - Rs 35,000/- (Rupees Thirty five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document (Application fee) will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 3- | Date and Time of Publishing of Notice (RFP) on official website | 24.07.2025, 05.00 PM |
| 4- | Last date and Time of submission of Bid (With Application Fee) | 14.08.2025, 12.30 PM |
| 5- | Date and Timing of Bid opening | 18.08.2025, 12.30 PM |
| 6- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-8051090751 |
| 7- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department,Ranchi**
PR 357887 (Road) 25-26 (D)

**कार्यालय आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**ब्लाक–डी, भू–तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़**
Phone No. -0771-2263708, Fax- 2262558
www.tribal.cg.gov.in, Email- ctd.cg@nic.in

क्रमांक/07/पीएमटी-पीईटी/2025-26 /5426 नवा रायपुर दिनांक 21/07/2005

**प्री. इंजीनियरिंग एवं प्री. मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु छ.ग. राज्य के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों से आवेदन पत्र वर्ष 2025 - 26 आमंत्रण हेतु सूचना**

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण, 100 विद्यार्थी (64 अनुसूचित जनजाति, 36 अनुसूचित जाति), जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र का आमंत्रण किया जाता है।

**(1) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 11.08.2025, सायं 4.00 बजे तक**

**(2) आवेदन जमा करने का स्थान- जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में उक्त तिथि तक जमा कर सकते है। (कार्यालय - कलेक्टरेट परिसर)**

आवेदन पत्र एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट **www.tribal.cg.gov.in** से डाउनलोड कर अवलोकन किया जा सकता है। इस परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी यथा पात्र अभ्यर्थी, परीक्षा केन्द्र, परीक्षा परिणाम आदि सूचना विभागीय वेबसाइट से अभ्यर्थी प्राप्त कर सकते है।

**( डॉ सारांश मित्तर)**
**आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**
G-252602338/2

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
**दूरभाष क्र. - 07751-220658**
**Email-actwd.gpm@gmail.com**

क्रमांक/ज.उ.यो./परीक्षा/2025-26/1064
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 21/07/2025

**पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत वर्ष 2025 - 26 हेतु कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा दिनांक 30.03.2025 के परीक्षा परिणाम की सूचना**

कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक/जउयो /01/2024-25 /11440 नवा रायपुर, दिनांक 15.01.2025 के परिपालन में पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को जिले में निर्धारित सीट अनुसार कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए दिनांक 30.03.2025 को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय लाटा, वि.खं. पेण्ड्रा (वर्तमान में संचालित 250 सीटर प्री.मै. बालक छात्रावास टीकरकला, गौरेला) में समय दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक प्राक्चयन परीक्षा आयोजित किया गया था। परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों के उत्तर पुस्तिकाओं का मुल्यांकन पश्चात परीक्षा परिणाम जारी किया जा रहा है। परीक्षा परिणाम का अवलोकन कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही एवं कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी गौरेला, पेण्ड्रा एवं मरवाही के सूचना पटल पर कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। प्राप्त अंकों के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक 25.07.2025 दिन शुक्रवार तक कार्यालयीन समय पर कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में उपस्थित होकर अथवा डाक के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार की दावा स्वीकर नहीं किया जावेगा। निर्धारित तिथि तक प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण दिनांक 30.07.2025 को किया जावेगा।

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास**
**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
G-252602335/2





# आलू-प्याज से लेकर रोटी तक...इस एक वजह से महंगी हो रही थाली

**लंदन।** जलवायु परिवर्तन देखते-देखते हमारी थाली और जेब तक पहुंचने लगा है। शोधकर्ताओं ने बताया कि क्लाइमेट चेंज के कारण कहीं रिकॉर्ड तोड़ बारिश हो रही है तो कहीं बाढ़ तो वहीं कुछ जगहें भीषण सूखा या अकाल का सामना कर रही हैं। इसका सबसे बड़ा असर खेती पर पड़ रहा है।

**खेती कैसे हो रही है प्रभावित :** जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा असर दुनिया भर में होने वाली खेती पर काफी बुरे तरीके से पड़ रहा है। खेती कम होने के कारण अनाज, फल और सब्जियों के दाम को बढ़ाया जा रहा है। अगर इसी तरह से मौसम बिगड़ता रहा तो आने वाले समय में गरीब देश कुपोषण, राजनीतिक समस्या और समाज में अशांति की समस्या से जूझ रहे होंगे।

## किन-किन चीजों के दाम में आया उछाल?

ब्रिटेन की एनर्जी एंड क्लाइमेट इंटेलीजेंस यूनिट, यूरोपीय सेंट्रल बैंक, फूड फाउंडेशन और पॉट्सडैम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट इमपैक्ट के संयुक्त अध्ययन में 2022 और 2024 के बीच 18 देशों के मौसम का डाटा लिया गया, जिसमें पाया गया कि खाने वाली चीजों के दाम में बढ़ोतरी का कनेक्शन गर्मी, सूखा और बारिश से था। शोध से पता चला कि बीते साल ब्रिटेन में आलू, साउथ कोरिया में पत्तागोभी और घाना में कोको के दाम में तेजी से उछाल आया। इनकी वजह असामान्य मौसम था।



## आलू-प्याज पर भी खतरा?

इसी शोध में ये भी पाया गया कि साल 2022 के मुकाबले भारत में जून 2024 तक प्याज और आलू के दाम 89 फीसदी तक बढ़े थे। यहीं हाल बाकी देशों का भी है। बता दें कि मोजाम्बिक में जब ब्रेड की कीमत बढ़ी थी तो लोग सड़कों पर उतर आए थे। शोधकर्ता मैक्सिमिलियन कोट्ज ने कहा कि, जब खाने की चीजें महंगी होती हैं तो गरीबों को कम पोषण मिलता है, जिसका असर स्वास्थ्य पर पड़ता है।

## आलू-प्याज के दाम में 89% तक बढ़े

जलवायु परिवर्तन से खेती प्रभावित हो रही है। जिससे फसलों की कमी हो रही है और दाम बढ़ रहे हैं। ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, घाना और भारत जैसे देशों में आलू, प्याज और ब्रेड के दाम में भारी बढ़ोतरी हुई है। शोध की मानें तो भारत में 2022 से लेकर 2024 तक आलू-प्याज के दाम में 89% तक बढ़े हैं।



## खेती करने में क्या आ रही है मुश्किल?

जलवायु परिवर्तन ने खेती को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। लंबे समय तक सूखा पड़ने से फसलें बर्बाद हो जाती हैं। तेज बहाव के साथ आने वाली बाढ़ ऊपजाऊ मिट्टी को अपने साथ बहा ले जाती है। इसके बाद उस जगह पर सिर्फ ऐसी जमीन रह जाती है, जिस पर खेती करना बहुत मुश्किल काम हो जाता है। इसके बाद अनाज की कमी और मंहगाई की वजह से परिवारों को बुनियादी पोषण का खर्च उठाना भी मुश्किल हो जाता है।

## रोचक खबरें

### ट्रेन में किन्नर के गले लग गया बच्चा, नजारा देख भावुक हुए लोग

**नई दिल्ली।** हमारे समाज में किन्नरों को आज भी हेय दृष्टि से देखा जाता है। इस वजह से उनका जीवन काफी संघर्षों से गुजरता है। हालांकि, बहुत से ऐसे भी लोग हैं, जिनकी सोच किन्नरों के प्रति बदल रही है। माता-पिता अपने बच्चों को उनके प्रति जागरूक, संवेदनशील और प्रेम भाव रखने की सीख दे रहे हैं। हाल ही में एक बच्चे ने किन्नर के प्रति अपने प्यार को दर्शाते हुए एक अच्छी मिसाल पेश की। उसकी हरकत को देखकर लोग बोलने लगे कि उसकी मां ने उसे अच्छी परवरिश दी है। अब उस बच्चे का वीडियो वायरल हो रहा है। इंस्टाग्राम यूजर पूजा रेखा शर्मा एक कंटेंट क्रिएटर हैं जिनके अकाउंट पर 1 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वो अक्सर मुंबई लोकल में यात्रा करते दिख जाती हैं। पूजा एक ट्रांसजेंडर हैं और ट्रांसजेंडरों के हक के लिए बातें करती हैं। वो आम लोगों में ट्रांसजेंडरों के लिए पनप रही बुरी सोच को बदलने की कोशिश कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें वो एक बच्चे को प्यार करते, उसे गले लगाते नजर आ रही हैं। इस वीडियो में पूजा मुंबई लोकल में यात्रा कर रही हैं। तभी एक छोटा लड़का उनके पास आता है और उन्हें गले लगा लेता है। उसके प्यार को देखकर पूजा भावुक हो जाती हैं और उसे प्यार करने लगती हैं, उसे आशीर्वाद देती हैं। ये नजारा देखकर पीछे मौजूद औरतें मुस्कुराने लगती हैं। पूजा उस बच्चे की मां की ओर भी देखती हैं और उनका एक्सप्रेशन बता रहा है कि वो बहुत खुश और भावुक नजर आ रही हैं। इस वीडियो को 1 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है।



### जॉब इंटरव्यू देने गई महिला, कपड़े देखकर बॉस ने किया रिजेक्ट

**न्यूयार्क।** जब कोई नौकरी के लिए इंटरव्यू देने जाता है तो उसे अपने कपड़ों की बहुत चिंता होती है। क्या पहनना चाहिए और क्या नहीं, इसका हमेशा ख्याल आता है। लोग अपनी तरफ से बेस्ट ही पहनकर जाते हैं, मगर उसके बावजूद भी अगर वो कपड़ों की वजह से रिजेक्ट हो जाएं तो दुख होता है। ऐसा ही एक महिला के साथ भी हुआ जो जॉब इंटरव्यू के लिए गई थी। उसकी ड्रेस साधारण सी लग रही थी, मगर इंटरव्यू लेने वाले व्यक्ति ने उसे कपड़ों की वजह से रिजेक्ट कर दिया। एक महिला ने सोशल मीडिया पर यह आरोप लगाया है कि उसे नौकरी के इंटरव्यू के दौरान सिर्फ उसके पहनावे के कारण रिजेक्ट कर दिया गया। उसने बताया कि इंटरव्यू लेने वाले मैनेजर ने उसके कपड़ों को 'अनुपयुक्त' बताया, जिससे वह हैरान और आहत हो गई। इस मामले ने इंटरनेट पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं और लोग इस पर दो मत व्यक्त कर रहे हैं- कुछ लोग युवती के कपड़ों को पूरी तरह उपयुक्त मानते हैं, जबकि कुछ को लगता है कि इंटरव्यू के लिए पहनावा थोड़ा और प्रोफेशनल होना चाहिए था। वीडियो में युवती काले ट्राउज़र और एक साधारण न्यूट्रल राउंडनेक टॉप पहने नजर आ रही है। उसका लुक स्मार्ट-कैजुअल है, न बहुत औपचारिक, न बहुत आरामदायक। कुछ लोगों ने सुझाव दिया कि यह पहनावा रोज़ ऑफिस के लिए तो ठीक है, लेकिन इंटरव्यू के लिए थोड़ा और फॉर्मल होना चाहिए था। एक यूज़र ने लिखा- ये लुक ऑफिस के लिए ठीक है, लेकिन इंटरव्यू के लिए थोड़ा फॉर्मल होना चाहिए था, जैसे बटन वाली शर्ट और ब्लेज़र।



# रेडिएशन से भूतिया है वो शहर अब पता चला कोई ले रहा सांस

रेडिएशन इतना कि जिंदा रहना मुश्किल

40 साल से वो शहर ही नहीं, आसपास का इलाका भी वीरान पड़ा है। न कोई वहां जाता है, न जाने की हिम्मत जुटा पाता है। परमाणु दुर्घटना के चलते वहां रेडिएशन इतना ज्यादा बढ़ गया कि जिंदा रहना मुश्किल है। अब वैज्ञानिकों को पता चला है कि कोई जीव वहां 'सांस' ले रहा है।

**न्यूयार्क।** पहले तो यह जान लीजिए कि वो जगह यूक्रेन का चेर्नोबिल है। आपको यह भी पता है कि 1986 में अचानक रिएक्टर में विस्फोट होने से रेडियोएक्टिव पदार्थ हवा में फैल गया था। आगे जो हुआ, वो एक डरावना इतिहास है।

वैज्ञानिकों के मुताबिक चेर्नोबिल रिएक्टर नंबर 4 पर एक ऐसे जीव के होने का पता चला है जो रेडियोएक्टिव वातावरण में पनपता है। यह एक ब्लैक फंगस है। इसने विकिरण से लड़ते हुए खुद को जिंदा रखा है। इससे उम्मीद बंधी है कि वह चेर्नोबिल को क्लीन कर रहा है।





## भीषण रेडिएशन का वो इलाका

चेर्नोबिल परमाणु आपदा के चलते यूक्रेन, बेलारूस और आज के रूस के इलाके के लोग प्रभावित हुए थे। कुछ ही दिनों में प्लांट में काम करने वाले 30 कर्मचारियों की मौत हो गई थी। 30 किमी के दायरे में आने वाले घरों को खाली करा लिया गया था। भीषण विकिरण यानी रेडिएशन के कारण यह इलाका भूतिया शहर बन गया। वहां कोई रह नहीं सकता और रेडियोएक्टिव वातावरण में कुछ पैदा भी नहीं हो सकता।

## ब्लैक फंगस को पहली बार देखा गया

हालांकि अब ब्लैक फंगस पनपने की खबर हैरान कर रही है। आपदा में रिएक्टर नंबर 4 में बेकाबू हुई परमाणु रीएक्शन प्रक्रिया से विस्फोट हुआ था। अब इसकी दीवारों पर क्लैडोस्पोरियम स्फेरोस्पर्मम नामक एक ब्लैक फंगस पनपता हुआ देखा गया है। रेडियोट्रॉफिक कवक कहे जाने वाले इस फंगस को दुनिया में पहली बार कहीं देखा गया है।

## स्पेस यात्रा में बनेगा मददगार

हां, साइंटिस्ट मान रहे हैं कि चेर्नोबिल का यह जीव स्पेस ट्रवेल में मददगार हो सकता है। इस खोज ने वैज्ञानिकों को इस जीव का इस्तेमाल उन स्थितियों में करने के लिए प्रेरित किया है, जहां जीवित जीवों का उपयोग पर्यावरण से प्रदूषकों को हटाने के लिए किया जा सकता है। सब कुछ सही रहा तो उच्च-विकिरण वाले क्षेत्रों में इसे पहुंचाया जा सकता है, जहां ये रेडिएशन के लेवल को कम कर सकते हैं। इसके अलावा यह ब्लैक फंगस स्पेस ट्रवेल में भी उपयोगी साबित हो सकता है। मंगल और चंद्रमा पर इंसानों के जाने की रेस लगी है। सबसे बड़ी चुनौती रेडिएशन का खतरा ही है, जो इंसानी शरीर के लिए बेहद हानिकारक साबित हो सकता है। यही वजह है कि सी. स्फेरोस्पर्मम नाम का फंगस इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भेजा गया था। माना जा रहा है कि ब्लैक फंगस इस दिशा में उपयोगी साबित हो सकता है।

# स्पेस से आने के बाद नई मुश्किल झेल रहे शुभांशु शुक्ला



**वॉशिंगटन।** शुभांशु शुक्ला धरती के वातावरण में खुद को ढालने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। स्पेस से लौटने के बाद सब कुछ पहले जैसा नहीं होता। इंसान चलना भी भूल जाता है। यही वजह है कि वह अब तक अपने घर यानी भारत नहीं लौटे हैं। भारतीय उनकी हेल्थ को लेकर चिंतित हैं। अब शुभांशु ने खुद वीडियो शेयर कर दिखाया है कि वह अमेरिका में कौन सी नई चुनौती का सामना कर रहे हैं। दरअसल, स्पेस का वातावरण धरती से बिल्कुल अलग होता है। इस कारण वह अमेरिका के एक सेंटर में नए वातावरण में एक्सपर्ट गाइडेंस में खुद को ढाल रहे हैं।

इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि मेरे स्वास्थ्य को लेकर, मेरे जल्दी स्वस्थ होने की कामना वाले बहुत सारे संदेश मिले हैं। मैं आप सभी का धन्यवाद करना चाहता हूं। साथ ही एक अपडेट भी देना चाहता हूं। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण का अनुभव करते समय हमारा शरीर कई परिवर्तनों से गुजरता है जैसे द्रव परिवर्तन, हार्ट रेट, बैलेंस में फिर से समायोजन, मसल लॉस। ये नए वातावरण के लिए अलग से अडाप्ट करना है। एक बार जब शरीर इसकी आदत डाल लेता है और हम गुरुत्वाकर्षण में वापस आ जाते हैं, तब ये समायोजन फिर से हो जाते हैं। शुभांशु ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि यह चुनौती सभी अंतरिक्ष यात्रियों के लिए अलग-अलग होती है।

# वैज्ञानिकों को मिला दुनिया का सबसे विशाल लौह अयस्क भंडार, 6 ट्रिलियन डॉलर का है खजाना

**कैनबरा।** भूवैज्ञानिकों को ऑस्ट्रेलिया में बड़ी कामयाबी मिली है। वैज्ञानिकों ने एक अभूतपूर्व खोज में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पिलबारा क्षेत्र में लौह अयस्क के विशाल भंडार का पता लगाया है। इसे दुनिया में अब तक खोजा गया सबसे बड़ा लोहे का भंडार माना जा रहा है। इस भंडार की कीमत 6 ट्रिलियन डॉलर आंकी गई है।

एक्सपर्ट का कहना है कि यह खोज ना केवल वैश्विक लौह बाजार में क्रांति लाएगी, बल्कि पृथ्वी के भूवैज्ञानिक इतिहास को लेकर भी नई समझ पैदा करेगी। ऑस्ट्रेलिया का पिलबारा क्षेत्र अपने सूखे भूभाग और समृद्ध खनिज संसाधनों के लिए जाना जाता है।



## तकनीक से मिली सफलता

ऑस्ट्रेलिया में हुई इस खोज में तकनीक ने बड़ी भूमिका निभाई है। भूवैज्ञानिकों को उन्नत आइसोटॉपिक डेटिंग और रासायनिक विश्लेषण से ना केवल भंडार के विशाल आकार का पता चला, बल्कि अयस्क की शानदार गुणवत्ता का भी पता चला। प्रारंभिक अनुमानों के बाद 30 प्रतिशत लौह सामग्री को संशोधित कर 60 प्रतिशत से अधिक कर दिया गया है। इससे यह भंडार अब तक खोजे गए सबसे समृद्ध भंडारों में से एक बन गया है।

## आर्थिक से ज्यादा होगा असर

इस खोज का असर तात्कालिक आर्थिक लाभों से कहीं आगे तक होगा। इस भंडार में भूवैज्ञानिक इतिहास के अध्यायों को फिर से लिखने और लंबे समय से चली आ रही वैज्ञानिक मान्यताओं को चुनौती देने की क्षमता है। यह खोज पृथ्वी के अतीत के बारे में वैज्ञानिकों की समझ को बढ़ाती है। साथ ही साथ भविष्य के शोध को भी प्रेरित करती है। एक्सपर्ट को उम्मीद है कि इससे अन्वेषण और खोज के नए अवसर खुलेंगे।

# 500 मील दूर ब्यूटी क्वीन से मिलने पहुंचा फ्यूचर हसबैंड, पति ने किया स्वागत

**ब्रुसेल्स।** जब कोई प्रेमी-प्रेमिका प्यार में होते हैं, तो उन्हें मिलने से कोई दहलीज नहीं रोक पाती है। वो तमाम बंधनों को तोड़कर एक-दूसरे के हो जाते हैं। ऐसा ही सपना संजोकर बेल्जियम का एक शख्स ब्यूटी क्वीन के प्यार में पागल हो गया। उसका फ्यूचर हसबैंड बनने की खातिर उस शख्स ने लगभग 500 मील का सफर तय किया। लेकिन, वहां पहुंचकर जो सच्चाई सामने आई, उसने उसे सदमे में डाल दिया। उसे इस ट्विस्ट के बारे में अंदाजा नहीं था। दरअसल, ब्यूटी क्वीन के पास पहुंचने के बाद उस शख्स को पता चला कि वह कैटफिशिंग का शिकार हो चुका था। इस शख्स का नाम मिशेल है, जो 76 साल के हैं। ऑनलाइन उनकी दोस्ती प्रसिद्ध मॉडल सोफी वौजेलैंड से हुई और वो उनसे मिलने के लिए पहुंच गए। यह सोचकर कि वो सोफी के फ्यूचर हसबैंड बनेंगे। लेकिन, जब वह फ्रांस के सेंट-जुलियन स्थित उनके घर पर पहुंचे, तो उनका स्वागत सोफी के पति फैबियन ने किया। ऑनलाइन बातचीत के बाद मिशेल सोफी के प्यार में डूब गए थे। वो सोफी के घर पर जब पहुंचे और कहा कि वह सोफी के 'भविष्य के पति' हैं। इस पर घर के मालिक फैबियन ने तुरंत चौंकाने वाला जवाब दिया, 'ठीक है, मैं वर्तमान वाला हूं।'



# नन्हें छात्रों ने बोतलों से बनाया हवा से बात करने वाला रॉकेट

**बीजिंग।** कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद ज्यादा तक लोग बोतलें को कूड़े में फेंक देते हैं। लेकिन, चीन के कुछ स्कूली छात्रों ने उन्हीं बोतलें से पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। उन्होंने कोला की प्लास्टिक बोतलों से ऐसा दो-स्टेज रॉकेट बनाया जो न सिर्फ हवा में उड़ा, बल्कि उड़ान के दौरान बीच में टूटा भी और अंत में पैराशूट की मदद से सुरक्षित जमीन पर उतरा। यह पूरा कारनामा कैमरे में कैद हुआ और अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



**साधारण सामान, जबरदस्त टेक्निक :** इस रॉकेट को तैयार करने में छात्रों ने कोई हाईटेक गैजेट्स नहीं, बल्कि बेहद सामान्य चीजें जैसे प्लास्टिक की बोतलें और पानी का इस्तेमाल किया। उन्होंने हवा और पानी के दबाव के सिद्धांत पर रॉकेट डिजाइन किया। पहले स्टेज में प्रेशराइज्ड पानी ने रॉकेट को ऊपर की तरफ धकेला और एक निश्चित ऊंचाई पर दूसरा स्टेज उससे अलग होकर आगे बढ़ा।

## पैराशूट से हुआ सेफ लैंडिंग

रॉकेट का दूसरा स्टेज उड़ान के बाद जब रफ्तार कम होने लगी तो उसमें से पैराशूट खुला, जिससे वह धीरे-धीरे नीचे उतर गया। छात्रों का यह प्रोजेक्ट न केवल विज्ञान के न्यूटन के नियम, वायुरोध और दबाव जैसी जटिल अवधारणाओं को दर्शाता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि कैसे साधारण चीजों से असाधारण काम किया जा सकता है।




Ajay Advt.



Ajay 9827144371



ANIL PUB.



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com